संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -244 गुरूवार,06 जुलाई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# भतीजे ने चाचा के हाथ से छीनी एनसीपी की कमान!

**नई दिल्ली, 05 जुलाई 2023 (ए)।** अजित पवार और शरद पवार के बीच छिड़ी सियासी लड़ाई के बीच बड़ी खबर सामने आई है। अजित पवार ने चाचा शरद पवार को एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटा दिया है।अजित पवार खुद ही एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने आज राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक बुलाई जिसमें प्रस्ताव पास किया गया है कि पार्टी लोगों के कल्याण के उद्देश्य से दूर जा रही है, ऐसे में शरद पवार की जगह अजित पवार को अध्यक्ष चुना जाता है। चुनाव आयोग में भी अजित पवार गुट ने अर्जी दायर की है। इसमें बताया गया है कि 30 जून को मुंबई में हुई कार्यकारिणी की बैठक में अजित पवार को एनपीसी का अध्यक्ष चुना गया है।

### निर्वाचन आयोग पहुंची पवार गुट की लड़ाई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की गुटीय लड़ाई निर्वाचन आयोग के दरवाजे तक पहुंच गयी है और अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह ने उनके समर्थन में विधायकों और सांसदों के 40 से अधिक हलफनामे दाखिल किये हैं। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि शरद पवार खेमे ने आयोग के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि गुटीय लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए।

निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में



याचिकाओं पर कार्रवाई कर सकता है और दोनों पक्षों से उसके समक्ष प्रस्तुत संबंधित दस्तावेजों का आदान-प्रदान करने के लिए कह सकता है। शरद पवार द्वारा 1999 में स्थापित राकांपा में रविवार को

## अजित पवार खुद बने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

विभाजन हो गया और अजित पवार 40 से अधिक विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए महाराष्ट्र में शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल हो गए। रविवार को अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री और राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

### अजित पवार गुट ने ठोका पार्टी पर अपना दावा

अजित पवार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल के साथ असली राकांपा होने का दावा किया। शरद पवार ने भी असली राकांपा होने का दावा किया और पटेल तथा लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को भी पत्र लिखकर रविवार को मंत्री पद की शपथ लेने वाले नौ विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है।

### अजित पवार को 35 विधायकों,पांच एमएलसी का समर्थन

विधायकों के नंबर गेम में अजित पवार की स्थिति ज्यादा मजबूत है। पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अजित पवार की बैठक में 35 विधायक और पांच एमएलसी शामिल हुए हैं।

### शरद पवार की बैठक में 13 विधायक

एनसीपी प्रमुख शरद पवार की बैठक में कुल 13 विधायक शामिल हुए हैं। इसके अलावा बैठक में तीन एमएलसी और पांच सांसद भी मौजूद हैं। विधायकों में अनिल देशमुख, रोहित पवार, राजेंद्र शिंगणे, अशोक पवार, किरण लाहामाटे, प्राजक्त तानपुरे, बालासाहेब पाटिल, जितेंद्र आव्हाड, चेतन विठ्ठल, जयंत पाटिल, राजेश टोपे, संदीप और देवेंद्र भूयर शामिल हैं।

# कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुए केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी

**नई दिल्ली,05 जुलाई 2023 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर केंद्रीय कैबिनेट की बैठक बुलाई गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी शामिल नहीं हुए। बीजेपी ने जी किशन रेड्डी को तेलंगाना की जिम्मेदारी सौंपी है, उन्हें एक दिन पहले ही तेलंगाना प्रदेश इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। जी किशन रेड्डी मोदी सरकार में केंद्रीय संस्कृति मंत्री का पद संभाल रहे हैं।

### तेलंगाना की मिली जिम्मेदारी

तेलंगाना में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे ठीक पहले जी किशन रेड्डी को राज्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्रीय मंत्री रेड्डी प्रदेश अध्यक्ष के रूप में बंडी संजय कुमार की जगह लेंगे। कुमार को 2020 में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था. वह करीमनगर से सांसद हैं। पार्टी की तरफ से कहा गया कि बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया है और ये तत्काल प्रभाव से लागू होंगी. सूत्रों ने कहा कि आने वाले दिनों में बंडी संजय कुमार को केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में शामिल किए जाने की संभावना है।



### पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ नाराजगी

बीजेपी तेलंगाना में अपने संगठन को व्यवस्थित करने पर जोर दे रही है, जहां पार्टी में शामिल होने वाले कई नए, लेकिन शक्तिशाली नेता कुमार के नेतृत्व के खिलाफ थे। कुमार ने अपने कार्यकाल में एक जुझारू नेता के रूप में पहचान बनाई है। उन्हें पार्टी के केंद्रीय नेता पसंद करते हैं, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि वह दूसरों को साथ लेकर चलने में विफल रहे। खास तौर पर कांग्रेस और सत्तारूढ़ बीआरएस के ऐसे नेताओं को, जो हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में बीजेपी में शामिल हुए हैं। इसीलिए जी किशन रेड्डी को ये जिम्मेदारी सौंपी गई।

### मोदी कैबिनेट में फेरबदल

आने वाले विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनाव को देखते हुए मोदी कैबिनेट में कई बदलाव हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले कुछ ही दिनों में कैबिनेट विस्तार किया जाएगा। जिसमें कई मंत्रियों की कुर्सी जा सकती है। चुनावी राज्यों से कई चेहरे मोदी के मंत्रिमंडल में नजर आ सकते हैं। इसी बीच केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल की राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात होने जा रही है, वहीं शाम को 7 बजे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे।

# एमपी के गृहमंत्री का ऐलान

### » सीधी पेशाबकांड के आरोपी प्रवेश शुक्ला के घर पर चलेगा बुलडोजर

**भोपाल,05 जुलाई 2023 (ए)।** मानसिक रूप से विक्षिप्त आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने वाले आरोपी प्रवेश शुक्ला को लेकर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बड़ी कार्यवाही की बात कही है। उन्होंने कहा कि आरोपी के अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा।



सीधी में हुए पेशाब कांड को लेकर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यहां भाजपा की सरकार और कानून का राज है। घटना मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही (एनएसए) लगाने की कार्रवाई की गई। आरोपी की रात में ही गिरफ्तारी हो गई थी और अब अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा। बताया जा रहा है कि ये वीडियो 9 दिन पुराना है, जो कुबरी बाजार का है। आरोपी प्रवेश शुक्ला कुबरी का ही रहने वाला है। वह सीधी जिले से विधायक का प्रतिनिधि रह चुका है। सीधी एसपी रवींद्र वर्मा ने ट्वीट कर जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की जांच के बाद आरोपी प्रवेश शुक्ला पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अपराधी को किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा। उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे।

## कर्नाटक में वंदे भारत पर पथराव करने के आरोप में दो लड़के हिरासत में

**दावणगेरे,05 जुलाई 2023 (ए)।** धारवाड़ और बेंगलुरु शहरों के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव करने के मामले में रेलवे अधिकारियों ने दो नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारियों ने कहा कि नाबालिगों को चित्रदुर्ग के पर्यवेक्षण गृह में रखा गया है।

लड़के एसएस नगरा और बाशा नगरा के रहने वाले हैं। घटना एक जुलाई की है। पथराव में ट्रेन की खिड़की के शीशे में दरारें आ गई थी। दूसरी वंदे भारत ट्रेन की सेवा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 जून को हरी झंडी दिखाई थी। इस घटना से यात्रियों और अधिकारियों में चिंता बढ़ गई थी। अधिकारियों ने कहा, जांच जारी है।

## बाल-बाल बचे भारतीय क्रिकेटर

**मेरठ ,05 जुलाई 2023 (ए)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार एक भीषण कार दुर्घटना में बाल-बाल बच गए हैं। इस दुर्घटना के समय कार में उनका बेटा भी मौजूद था।



ये कार दुर्घटना बीती रात मेरठ में हुई थी। एक तेज रफ्तार ट्रक ने प्रवीण कुमार की गाड़ी में टक्कर मारी थी जिस वजह से ये दुर्घटना हुई।जानकारी के अनुसार, ये एक्सीडेंट तब हुआ जब प्रवीण कुमार मंगलवार रात पांडव नगर से आ रहे थे। तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी जिसमें कार को काफी नुकसान पहुंचा लेकिन प्रवीण और उनका बेटा बाल-बाल बच निकले।

# बंगाल चुनाव हिंसा मामले में तृणमूल नेता के भतीजे की हत्या

### » मरने वालों की संख्या 15 पहुंची

**कोलकाता,05 जुलाई 2023 (ए)।** पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर जारी हिंसा में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता के भतीजे की एक देशी बम विस्फोट में मौत हो गई है। इसके साथ ही चुनाव पूर्व हिंसा में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई। यह विस्फोट मंगलवार रात उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा में सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बीच हुआ।

पीड़ित की पहचान इब्राम हुसैन (17) के रूप में हुई है, जो तृणमूल कांग्रेस नेता मोहम्मद अरसादुल हक का भतीजा है।

गत 8 जून को ग्रामीण निकाय चुनाव के लिए मतदान की तारीख घोषित होने के बाद से चुनावी हिंसा में 15 मौतें हो चुकी हैं।

मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, हक ने दावा किया कि उन पर और उनके भतीजे पर माकपा और ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम ने उस समय हमला किया जब वे मंगलवार रात घर लौट रहे थे।

उन्होंने कहा, उन्होंने देसी बम हमारी ओर फेंके, जिससे मेरे भतीजे की मौत हो गई। मेरी प्रशासन से अपील




है कि हत्यारों को गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

हालांकि, राज्य विधानसभा में एआईएसएफ के एकमात्र प्रतिनिधि नौशाद सिद्दीकी ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना सत्तारूढ़ दल में अंदरूनी कलह का परिणाम थी।

तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने कहा कि यह विपक्षी दलों की प्रवृत्ति बन गई है कि पहले सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमला करें और उन्हें मारें और फिर लोगों को गुमराह करने के लिए राज्य में हिंसा का रोना रोएं।

पुलिस ने बुधवार सुबह हत्या के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

उन्हें बाद में उत्तर 24 परगना के बारासात की एक निचली अदालत में पेश किया जाएगा।

यह घटना राज्य के डीजीपी मनोज मालवीय द्वारा हिंसा और झड़प की घटनाओं को छिटपुट बताए जाने के एक दिन बाद हुई है।

मालवीय ने कहा था, हिंसा और झड़प की छिटपुट घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। कुछ घटनाएं हुई थीं, जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की थी। हम दिशा-निर्देशों के अनुसार काम कर रहे हैं। स्थिति काफी नियंत्रण में है और हिंसा की घटनाओं में कमी आई है। मीडिया छोटी-छोटी घटनाओं को बड़ा बताकर पेश कर रहा है। यह सही नहीं है।

पंचायत चुनाव शनिवार को होंगे और वोटों की गिनती 11 जुलाई को होगी।

# कन्हैयालाल हत्याकांड में कोर्ट ने एनआईए को दिया निर्देश

### » कहा- चार्जशीट की हिंदी कॉपी मुहैया कराएं

**जयपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर विशेष अदालत ने एनआईए को निर्देश दिया है कि वह हत्याकांड के आरोपियों को उसके आरोपपत्र की हिंदी प्रति मुहैया कराए, क्योंकि उन्होंने इसे अंग्रेजी में पढ़ने में असमर्थता जताई है। कन्हैयालाल हत्याकांड के गिरफ्तार नौ आरोपियों को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया।



अधिवक्ता मिन्हाजुल हक, जो दो हत्यारों, गौस मोहम्मद और मोहम्मद रियाज़ के बिना नौ आरोपियों में से छह का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, ने कहा कि अदालत ने अभियोजक को आरोप पत्र का अनुवादित संस्करण प्रदान करने का आदेश दिया है।हक ने कहा, वास्तव में हमने दो आवेदन दायर किए हैं, पहले एनआईए आरोपपत्र के हिंदी अनुवाद का अनुरोध किया है, जो अंग्रेजी में है और दूसरे आवेदन में हमने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की मांग की है। उन्होंने कहा कि अदालत बुधवार को दूसरे आवेदन के संबंध में मामले पर सुनवाई करेगी। पिछले साल जून में उदयपुर में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड में एनआईए ने 11 आरोपियों के खिलाफ दिसंबर में विस्तृत आरोप पत्र दाखिल किया था।

# तीस्ता सीतलवाड़ को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

### » 19 जुलाई तक नहीं होगी गिरफ्तारी

**नई दिल्ली,05 जुलाई 2023 (ए)।** एक्टिविस्ट तीस्ता सीतलवाड़ को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सीतलवाड़ को दिए अंतरिम जमानत को 19 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया है। अब 19 जुलाई तक सीतलवाड़ की गिरफ्तारी नहीं होगी।




सीतलवाड़ पर 2002 के गुजरात दंगे के मामले में फर्जी सबूत गढ़ने और झूठी गवाही दिलाने का आरोप है। गुजरात हाईकोर्ट ने सीतलवाड़ की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था और उन्हें तुरंत सरेंडर करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट के आदेश पर 19 जुलाई तक के लिए स्टे लगा दिया है। आज इस मामले में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस एएस बोपन्ना और दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने मामले में सुनवाई की।

सीतलवाड़ के खिलाफ गुजरात पुलिस ने केस दर्ज किया था। गुजरात पुलिस की एटीएस उनके खिलाफ मामले की जांच कर रही है। सीतलवाड़ पर आरोप है कि उन्होंने 2002 में गुजरात के मुख्यमंत्री रहे नरेंद्र मोदी को दंगे के मामले में फंसाने की साजिश रची। इसके लिए फर्जी सबूत गढ़े और गवाहों से झूठे बयान दिलवाए।

तीस्ता सीतलवाड और पूर्व पुलिस अधिकारी आरबी श्रीकुमार को फर्जी सबूत गढ़ने, जालसाजी करने और आपराधिक साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। 2002 के गुजरात दंगों के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने के बाद सितंबर 2022 में तीस्ता को गुजरात के साबरमती जेल से रिहा किया गया था।

गुजरात एटीएस द्वारा दर्ज स्न्नढ्ढक्र में कहा गया है कि गवाहों के झूठे बयान तीस्ता सीतलवाड़ द्वारा तैयार किए गए थे। ये बयान दंगों की जांच के लिए गठित नानावती आयोग के समक्ष दायर किए गए थे। सीतलवाड़ और श्रीकुमार पर आरोप हैं कि इन्होंने झूठे सबूत गढ़कर और निर्दोष लोगों के खिलाफ झूठी आपराधिक कार्यवाही शुरू कर कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग किया।

# बद्रीनाथ यात्रा पर खतरा



### » भारी बारिश से जोशीमठ में फिर पड़ने लगीं दरारें

**चमोली ,05 जुलाई 2023 (ए)।** जोशीमठ में एक बार फिर लोगों में डर और दहशत देखने को मिल रही है। एक तरफ चारधाम यात्रा अपने चरम पर चल रही है। वहीं बरसात के सीजन में फिर से दरारों के बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन को पहले ही सचेत कर दिया था कि बरसात में जोशीमठ के हाल और अधिक खराब होने वाले हैं। मगर प्रशासन ने इसको गंभीरता से नहीं लिया और लोगों की बात न सुनने का नतीजा है कि जोशीमठ में एक बार फिर से दरारे बढ़ रही हैं और दरारों का और अधिक बढ़ना लगातार जारी है जो कि बेहद चिंता का विषय है।उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में एक बार फिर लोगों के बीच खौफ पैदा हो गया है। जोशीमठ में एक खेत में 6 फीट की गहरी दरार मिली है, जो कि माना जा रहा है कि भारी बारिश के चलते हुआ है। लोगों को डर था कि मानसून के चलते जोशीमठ में परिस्थितियां हाथ से निकल सकते हैं और कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। मॉनसून को शुरू हुए भी कुछ ही दिन हुए हैं और जोशीमठ में दरारें और अधिक बढ़ रही हैं। इन दिनों चारधाम यात्रा जारी है। भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम पहुंच रहे हैं। ऐसे में बद्रीनाथ जाने वाले रास्ते में पड़ने वाला मुख्य इलाका जोशीमठ में एक बार फिर दरारों को लेकर चर्चा में आ गया है।

# शिक्षा मंत्री ने अपने ही अधिकारियों की कार्यशैली पर उठाए सवाल

### राजद-जदयू आमने-सामने

**पटना ,05 जुलाई 2023 (ए)।** बिहार में लगता है कि शिक्षा विभाग के दिन अच्छे नहीं चल रहे हैं। प्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर एक ओर बवाल मचा है, दूसरी ओर शिक्षा मंत्री ने अपने ही विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। मंत्री चंद्रशेखर ने पीत पत्र लिखकर अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि विभाग में सरकार की कार्य संहिता से काम नहीं हो रहे हैं। बताया जाता है कि मंत्री ने पीत पत्र अपर मुख्य सचिव और निदेशकों को भेजा है।



पत्र में कहा गया है कि राजपत्रित अधिकारियों को भी उनके पद के अनुसार काम नहीं दिए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि तेजतर्रार छवि के आईएएस अधिकारी केके पाठक को कुछ ही दिन पहले विभाग के अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंत्री विभाग की खबरें मीडिया में दिखाए जाने से नाराज भी बताए जा रहे हैं।

मंत्री ने पत्र में यह भी लिखा है कि शिक्षा विभाग में ज्ञान से अधिक चर्चा डराने वाली भाषा की होती है। विभाग में सीधा करने, नट वोल्ट टाइट करने, शौचालय सफाई, झाड़ू मारने, ड्रेस पहनने, डराने, वेतन काटने, उखाड़ फेंकने, निलंबित करने की चर्चा हो रही है।

बता दें कि केके पाठक नियुक्ति के बाद से ही एक्शन में नजर आ रहे हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों को जिंस, टीशर्ट पहनकर कार्यालय आने पर पाबंदी लगा दी गई। स्कूलों का औचक निरीक्षण करवाया जा रहा है तथा अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों के वेतन काटे जा रहे हैं। इधर, इस मामले को लेकर जदयू और राजद आमने-सामने आ गए है।

जदयू के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका का अपना समन्वय होना चाहिए, यही जनता चाहती है। उन्होंने कहा कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा है। अपर मुख्य सचिव केके पाठक अपने अनुभव के आधार पर बेहतर काम कर रहे हैं। वह अब तक जहां भी रहे हैं अच्छा काम किया है। राजद के नेता भाई वीरेंद्र ने कहा कि शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर की केके पाठक फजीहत करा रहे हैं। मुख्यमंत्री से अपील है कि फौरन केके पाठक का तबादला कर दिया जाए।

## संपादकीय

# कर्नाटक:बदले की राजनीति

लोकतंत्र में राजनेता चाहे वे कितने ऊंचे पद पर हों, सिद्धांततः वे जनता के सेवक होते हैं। बहरहाल, इस सोच को अब सिर के बल खड़े कर दिया गया है और उसका खामियाजा कर्नाटक को भुगतना पड़ रहा है।

कर्नाटक सरकार की इस बात के लिए तारीफ की जाएगी कि चावल खरीद में केंद्र की ओर से डाली रुकावट को उसने अपने चुनावी वादे को पूरा ना करने का बहाना नहीं बनाया। खुले बाजार से खरीदारी की उसकी पहल पर भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 34 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से चावल देने का निर्णय लिया था। बाद में साफ तौर पर केंद्र के दबाव के कारण एफसीआई इसे वादे से मुकर गई। तो अब कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे की आबादी को पांच किलो चावल के बदले उतने चावल की कीमत के बराबर की रकम सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर करने का फैसला किया है। वैसे सीधे अनाज देने का अलग अर्थशास्त्र होता है। उससे जहां लाभार्थी तबकों को राहत मिलती है, वहीं उससे बाजार में अनाज की कीमत नियंत्रित होती है, जबकि किसानों के लिए उपज बढ़ाने की परिस्थितियां बनती हैं। ट्रांसपोर्ट आदि पर होने वाले खर्च से अर्थव्यवस्था में अधिक रकम पहुंचती है, जिसका अतिरिक्त मांग पैदा करने में योगदान होता है। जबकि सीधे दी गई रकम का संबंधित परिवार के मुखिया दुरुपयोग भी कर सकते हैं। फिर इसका बिना उत्पादकता बढ़ाए मुद्रास्फीति बढ़ाने में योगदान हो सकता है।

लेकिन आज की केंद्र सरकार के संचालक इतनी गहरी और दूरदृष्टि से सोचने की जरूरत महसूस नहीं करते। उनके लिए राजनीतिक लाभ और राजनीति बदला सर्वोपरि है। गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान ही कह दिया था कि अगर भाजपा हारी, तो कर्नाटक के लोग प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से वंचित हो जाएंगे। इस तरह उन्होंने राज्य व्यवस्था को एक व्यक्ति का समानार्थी बताने की खुलेआम कोशिश की थी। ऐसा सिर्फ तानाशाही व्यवस्थाओं में किया जाता है। लोकतंत्र में राजनेता चाहे वे कितने ऊंचे पद पर हों, सिद्धांततः वे जनता के सेवक होते हैं। बहरहाल, इस सोच को अब सिर के बल खड़े कर दिया गया है और उसका खामियाजा कर्नाटक को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन बात सिर्फ कर्नाटक की नहीं है। इसका संदेश दूरगामी महत्त्व का है। यह संदेश देश की संघीय व्यवस्था के लिए शुभ नहीं है।

# राजनीति में भी प्रवेश के लिए हो

## कॉमन पोलिटिकल टेस्ट और इंडियन पोलिटिकल सर्विस जैसी परीक्षा

क्यों न देश में हर तरह के चुनाव लड़ने के लिए किसी परीक्षा का आयोजन किया जाये और सरकारी नौकरी की तरह राजनीति में प्रवेश के लिए उनके चरित्र का भली- भांति सत्यापन किया जाये? छोटे स्तर पर कॉमन पोलिटिकल टेस्ट और सांसदों के लिए इंडियन पोलिटिकल सर्विस के एग्जाम रखने में में हर्ज क्या है? आखिर सरकारी नौकरी और राजनीति है तो देश सेवा ही? राजनेताओं को विशेष अधिकार क्यों दिए जाने चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल व्यक्ति आईएएस अधिकारी बन सकता है? क्या वह कोई सिविल सेवा पद संभाल सकता है? तो फिर राजनेताओं को यह अनुचित विशेषाधिकार क्यों दिया जाना चाहिए जो हमारे लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है? इस मामले में परिवर्तन केवल संसद द्वारा ही लाया जा सकता है। तभी राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण ठहर सकता है।

राजनीति का अपराधीकरण एक ऐसी स्थिति है जहां राजनीति में ही अपराधियों की अच्छी-खासी उपस्थिति हो जाती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण बड़ी संख्या में अपराधी संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनावों में भाग ले रहे हैं और लड़ रहे हैं। जब अपराधी निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं और कानून निर्माता बन जाते हैं, तो वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के कामकाज के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। एडीआर के आंकड़ों के अनुसार, भारत में संसद के लिए चुने गए आपराधिक आरोपों वाले उम्मीदवारों की संख्या 2004 के बाद से बढ़ रही है। 2004 में, 24त्न सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित थे, जो 2019 में बढ़कर 43त्न हो गए। लोकसभा चुनाव में 159 सांसदों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए थे, जिनमें बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध शामिल थे।

राजनेताओं को विशेष अधिकार क्यों दिए जाने चाहिए? क्या आरोप पत्र दाखिल व्यक्ति आईएएस अधिकारी बन सकता है? क्या वह कोई सिविल सेवा पद संभाल सकता है? तो फिर राजनेताओं को यह अनुचित विशेषाधिकार क्यों दिया जाना चाहिए जो हमारे लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है? इस मामले में परिवर्तन केवल संसद द्वारा ही लाया जा सकता है। चुनाव आयोग को दंतहीन संस्था में बदल दिया गया है। केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति ही बदलाव ला सकती है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में हुए कर्नाटक चुनावों में भाग लेने वाले कांग्रेस, भाजपा और जद (एस) के लगभग 45 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज थे। चिंताजनक बात यह है कि इनमें से लगभग 30 प्रतिशत उम्मीदवारों पर बलात्कार और हत्या सहित गंभीर अपराधों का आरोप था। भारत उन कुछ देशों में से एक है जहां अपराधियों को चुनावों में स्वतंत्र रूप से भाग लेने और विजेताओं के रूप में उभरने की अनुमति है।

आइए संयुक्त राज्य अमेरिका का उदाहरण लें। अगर किसी पर हत्या या बलात्कार का मामला है, तो उन्हें राजनीतिक टिकट के लिए कभी भी विचार नहीं किया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से बाहर कर दिया जाएगा। हालाँकि, भारत में ऐसा नहीं है। यह हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर खतरा है। अपराधियों वाला लोकतंत्र स्वस्थ लोकतंत्र नहीं है. राजनीति के अपराधीकरण के मुद्दे के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उन्हें यह समझने की जरूरत है कि अगर वे ऐसे व्यक्तियों को वोट देते हैं, तो वे न केवल देश को बल्कि खुद को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के व्यक्ति हैं और आप ऐसे उम्मीदवारों को वोट देते हैं, तो आपके बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी क्योंकि स्कूल ठीक से नहीं चलेंगे। इसी तरह, जब आपको चिकित्सा सहायता की आवश्यकता हो, इन अपराधियों द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण अस्पताल प्रभावी ढंग से काम नहीं करेंगे। आप बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं से वंचित रह जाएंगे।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन के अनुसार, कई राजनेता कानून निर्माताओं के रूप में उनके पास मौजूद महत्वपूर्ण शक्ति और प्रभाव से अच्छी तरह परिचित हैं। वे मानते हैं कि उनके पद उन्हें न केवल उन कानूनों को अवरुद्ध करने की क्षमता प्रदान करते हैं जो उन्हें जवाबदेह ठहरा सकते हैं, बल्कि सरकारी अधिकारियों पर प्रभाव डालने की भी क्षमता प्रदान करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनके खिलाफ मामले दर्ज नहीं किए जाते हैं और वे सुरक्षित रहते हैं। अपराधियों और राजनेताओं के बीच बढ़ती सांठगांठ से भय और हिंसा का उपयोग करके मतदाताओं को डराया जाता है। अपराधी वोट खरीदने और मुफ्तखोरी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नाजायज खर्च का सहारा लेते हैं। आपराधिक राजनेता नौकरशाहों की पोस्टिंग और ट्रांसफर में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हैं और इस तरह राज्य के शासन को प्रभावित करते हैं। वे जाति, वर्ग और धर्म के आधार पर समाज में विभाजन का फायदा उठाते हैं और खुद को अपने समुदायों के रक्षक के रूप में चित्रित करते हैं। इस प्रकार वे राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाते हैं।

राजनेता के रूप में अपराधी प्रशिक्षित सांसद नहीं होते हैं और अक्सर संसद और राज्य विधानसभा में व्यवधान पैदा करने के लिए असंसदीय प्रथाओं का सहारा लेते हैं जो प्रतिनिधि संस्था के कामकाज को प्रभावित करते हैं। चूंकि आपराधिक अतीत वाले राजनेता मंत्री और कानून निर्माता बन जाते हैं, इसलिए राज्य एजेंसियों के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल हो जाता है, जिससे न्यायपालिका में आपराधिक मामलों की संख्या बढ़ जाती है। इससे धन और बाहुबल पर अंकुश लगेगा और गंभीर उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने में मदद मिलेगी। अब चुनावी प्रक्रिया के नियमन में चुनाव आयोग की भूमिका को मजबूत करने और आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित करने के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने का समय आ गया है। संसद को एक मजबूत कानूनी ढांचा स्थापित करना चाहिए जो सभी राजनीतिक दलों को उन व्यक्तियों की सदस्यता रद्द करने का आदेश दे जिनके खिलाफ जघन्य और गंभीर अपराधों में आरोप तय किए गए थे और ऐसे व्यक्तियों को संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनावों में खड़ा नहीं किया जाए। मतदाताओं को इसके बारे में जागरूक होना चाहिए चुनावों में धन और बाहुबल का दुरुपयोग। उन्हें उपहार, प्रलोभन और मुफ्त उपहार स्वीकार करने से बचना चाहिए और उम्मीदवार के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करने के लिए नोटा के विकल्प का उपयोग करना चाहिए।

लोकतांत्रिक प्रणालियों की अखंडता की रक्षा करने और नैतिक और जिम्मेदार राजनीतिक नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए, राजनीति के अपराधीकरण का मुकाबला करने के लिए कानूनी, संस्थागत और सामाजिक उपायों को शामिल करते हुए एक बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है। क्यों न देश में हर तरह के चुनाव लड़ने के लिए किसी परीक्षा का आयोजन किया जाये और सरकारी नौकरी की तरह राजनीति में प्रवेश के लिए उनके चरित्र का भली भांति सत्यापन किया जाये? छोटे स्तर पर कॉमन पोलिटिकल टेस्ट और सांसदों के लिए इंडियन पोलिटिकल सर्विस के एग्जाम रखने में में हर्ज क्या है? आखिर सरकारी नौकरी और राजनीति है तो देश सेवा ही? तभी राजनीति का बढ़ता अपराधीकरण ठहर सकता है।



-डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी) भिवानी, हरियाणा

# बड़े ही घाटे का सौदा है अजित पवार!

भाजपा के नेता खुश हैं कि महाराष्ट्र में शरद पवार की एनसीपी टूट गई। खुशी जाहिर करने वाले कई तरह के तर्क दे रहे हैं, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक तर्क यह है कि विपक्षी गठबंधन बनाने के प्रयासों को इससे झटका लगेगा और महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें बढ़ेंगी। हो सकता है कि ऐसा सोचने का कोई आधार हो लेकिन राजनीति सिर्फ ऐसे हिसाब किताब से नहीं चलती है। राजनीति आज भी बुनियादी रूप से धारणा का खेल है और भाजपा इस खेल में माहिर है। तभी हैरानी हो रही है कि जिस अजित पवार के बारे में पिछले ढाई दशक से भाजपा यह धारणा बना रही थी कि वे भ्रष्टाचार का प्रतीक हैं उनको अपनी पार्टी के साथ जोड़ कर और सरकार में उप मुख्यमंत्री बना कर उसने क्या मैसेज दिया है? एनसीपी के टूटने और अजित पवार के एनडीए के साथ आने के राजनीतिक महत्व को रेखांकित कर रहे लोगों के अलावा भाजपा समर्थकों का एक बड़ा वर्ग है, जो इसके खतरों को भी रेखांकित कर रहा है। उनको लग रहा है कि भाजपा ने यह अच्छा नहीं किया।

भाजपा के विरोधियों या एनसीपी और कांग्रेस के नेताओं से ज्यादा भाजपा समर्थक पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किरीट सोमैया का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे हसन मुशरिफ के ऊपर डेढ़ हजार करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगा रहे थे। पिछले महीने मुशरिफ के चीनी मिल सहित कई परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी का छापा पड़ा था, जिसके बाद से वे अदालत से मिली अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। अंतरिम जमानत पर चल रहे हसन मुशरिफ को भाजपा की सरकार में मंत्री बना दिया गया है! विमानन घोटाले के आरोपी प्रफुल्ल पटेल भी केंद्र में मंत्री बन जाएं तो हैरानी नहीं होगी। इसी तरह भाजपा विरोधियों से ज्यादा उसके समर्थक देवेंद्र फड़नवीस का वह वीडियो वायरल कर रहे हैं, जिसमें उन्होंने 'शोले' फिल्म का मशहूर डायलॉग दोहराते हुए कहा था कि अजित पवार जेल जाएंगे और 'जेल में चक्की पीसिंग एंड पीसिंग एंड पीसिंगज '। उन्हीं अजित पवार को रविवार को राजभवन में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई और देवेंद्र फड़नवीस उनका स्वागत कर रहे थे। ध्यान रहे भाजपा अजित पवार के भ्रष्ट होने की धारणा पिछले करीब ढाई दशक से बना रही है। जब पहली बार 1999 में कांग्रेस और एनसीपी की सरकार बनी थी तब से उनको भ्रष्ट ठहराया जा रहा है। किसी और पार्टी ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोप कभी नहीं लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले दिनों भोपाल में जब कहा कि एनसीपी ने 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला किया है तो वे असल में अजित पवार की ही बात कर रहे थे।

अजित पवार के ऊपर ही 70 हजार करोड़ रुपए के सिंचाई घोटाले का आरोप लगा था और 2014 में जब देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मुकदमा दर्ज किया था। नवंबर 2019 में जब फड़नवीस के साथ अजित पवार 80 घंटे के लिए उप मुख्यमंत्री बने थे तब पहले 24 घंटे के भीतर ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सिंचाई घोटाले में क्लोजर रिपोर्ट लगा दी थी। हालांकि अदालत ने उसे अभी तक स्वीकार नहीं किया है। यह मामला अजित पवार के जल संसाधन मंत्री रहने के समय का है। जब अजित पवार ने जल संसाधन मंत्रालय छोड़ा तो उनके करीबी सुनील तटकरे इस विभाग के मंत्री बने थे। सो, पूरे सिंचाई घोटाले का आरोप अजित पवार और सुनील तटकरे के ऊपर है। अब अजित पवार उप मुख्यमंत्री बन गए हैं और सुनील तटकरे की बेटी अदिति तटकरे को भी शिंदे सरकार में मंत्री बना दिया गया है। भाजपा ने अगर किसी आपात स्थिति में अजित पवार का समर्थन लिया होता तब भी सवाल उठते लेकिन उसका इतना गहरा दाग भाजपा के ऊपर नहीं लगता, जितना अभी लगा है। भाजपा के सामने कोई आपात स्थिति नहीं थी। राज्य सरकार को पूर्ण बहुमत है और आने वाले दिनों में भी कोई खतरा उत्पन्न नहीं होना है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित जिन 16 विधायकों के अयोग्य ठहराए जाने की संभावना जताई जा रही है वह भी हकीकत नहीं है क्योंकि उसमें फैसला स्पीकर को करना है, जो भाजपा के ही नेता हैं। सो, सदस्यता जाने वाली बात भी एक काल्पनिक खतरे की तरह है। तभी बिना किसी आपात स्थिति के भाजपा ने एक ऐसे नेता और एक ऐसी पार्टी को अपने साथ लिया है, जिसके बारे में उसने खुद भ्रष्टाचार की धारणा बनवाई है। प्रधानमंत्री नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी को नेशनलिस्ट करप्ट पार्टी कहते रहे हैं।

इस घटनाक्रम से भाजपा के सामने नैतिक, विचारधारात्मक और राजनीतिक तीनों तरह से सवाल खड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने पटना में जुटी सभी विपक्षी पार्टियों के ऊपर सामूहिक रूप से 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था, जिसमें 70 हजार करोड़ रुपए का घोटाला उनके हिसाब से एनसीपी का था। इस घोटाले के प्राथमिक आरोपी अब भाजपा के साथ हैं। सो, एक बड़ा नैतिक सवाल यह है कि भाजपा अब कैसे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाएगी? प्रधानमंत्री कैसे यह गारंटी देंगे कि वे हर भ्रष्टाचारी पर कार्रवाई करेंगे? अगर वे गारंटी दे भी दें तो इस बात की क्या गारंटी होगी कि लोग उस पर यकीन करेंगे? हो सकता है कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के भाजपा के वादे पर यकीन नहीं करने वाले भी उसको वोट दे दें लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि इससे भाजपा की नैतिक शक्ति का कुछ और क्षरण हुआ है। उसे वोट देने वाले भी अब नहीं मानेंगे कि वह भ्रष्टाचार से लड़ रही है। इस तरह भाजपा ने खुद ही अपना और दूसरी पार्टियों का फर्क समाप्त कर लिया है। यह बात स्थायी रूप से लोगों को दिल दिमाग में दर्ज होगी।

दूसरा सवाल विचारधारात्मक है। भाजपा के नेता शिव सेना और उद्धव ठाकरे पर यही आरोप लगाते थे कि वह हिंदुत्व की राजनीति करने वाली पार्टी थी, जिसने कांग्रेस और एनसीपी से तालमेल करके अपने को वैचारिक रूप से भ्रष्ट बना लिया है। इसी आधार पर शिव सेना टूटी भी थी। एकनाथ शिंदे गुट की ओर से कहा गया था कि वे एनसीपी और कांग्रेस के साथ सहज नहीं महसूस कर रहे थे इसलिए पार्टी तोड़ दी। अब सवाल है कि शिंदे गुट और भाजपा कैसे एनसीपी के साथ सहज महसूस करेंगे? जिस पार्टी के साथ विचारधारा का टकराव रहा हो उसके साथ सरकार चलाना और फिर साथ मिल कर चुनाव लड़ना क्या आसान होगा? क्या जनता बहुत सहज रूप से इस बात को स्वीकार कर लेगी कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता है? अगर ऐसा है तो फिर जनता भाजपा और दूसरी पार्टियों में फर्क भी तो महसूस नहीं करेगी? तब क्या इससे कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को वैधता नहीं मिलेगी?

जहां तक राजनीतिक सवाल है तो भाजपा को समझना चाहिए कि एनसीपी का वोट अजित पवार, छगन भुजबल या प्रफुल्ल पटेल के पास नहीं है, बल्कि शरद पवार के पास है। शिव सेना के मामले में भाजपा के नेता खुद ही इस बात को महसूस कर रहे हैं कि शिव सैनिक एकनाथ शिंदे के साथ नहीं हैं, बल्कि उद्धव ठाकरे के साथ हैं। तभी राजनीतिक रूप से शिंदे भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण नहीं रह गए हैं। एनसीपी के मामले में भी यह बात सही है कि शरद पवार के रहते अजित पवार पार्टी का वोट अपने साथ नहीं ला सकते हैं और न भाजपा को ट्रांसफर करा सकते हैं। तभी भाजपा के लिए यह सौदा घाटे का लग रहा है। एक खतरा यह भी है कि अगर पहले की तरह इस बार भी सारा खेल शरद पवार ने रचा हो तो घटनाएं ऐसी होंगी, जिनसे अगले साल के चुनाव तक भाजपा पूरी तरह से एक्सपोज होकर बैकफुट पर होगी। अगर यह उनका खेल नहीं है तो अजित पवार के साथ साथ शरद पवार और उनकी पार्टी भी पाक दामन हो गए हैं। वे शहीद की तरह मराठा लोगों के बीच जाएंगे और वोट मांगेंगे।

अजीत द्विवेदी

# औरंगजेब पर राजनीति क्यों?

यह कैसी हैरानी और विडंबना है कि स्वतंत्र और संप्रभु भारत में भी औरंगजेब के फैन क्लब हैं ! सोशल मीडिया पर उसके नाम के समूह सक्रिय हैं और वे लगातार पोस्ट लिख रहे हैं, लेकिन यह पराकाष्ठा है और अस्वीकार्य भी है कि औरंगजेब आप सबका बाप जुमले के बैनर और पोस्टर लिखे और लहराये जा रहे हैं। दुर्भाग्य है कि देश में एक तबका आज भी औरंगजेब को अपना नायक मानता है। अदालतों के भीतर की बहस के दौरान ऐसी दलीलें दी जा रही है- औरंगजेब क्रूर और निर्दयी नहीं था। वह आक्रांता भी नहीं था। उसके कालखण्ड के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धर्मस्थलों को ध्वस्त नहीं किया गया। ऐसी दलीलों पर हैरानी होती है और हंसी भी आती है कि भारत का एक हिस्सा आज भी मज़हबी, मानसिक तौर पर गुलाम है। हम साम्प्रदायिक सौहार्द के पक्षधर हैं और हमारा संविधान भी यही सिखाता है, लिहाजा सम्प्रदाय के नाम पर भडकाए गए दंगों और हिंसक उपद्रवों पर टिप्पणी करने से हम परहेज करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र के कोल्हापुर, अहिल्यानगर आदि इलाकों में, औरंगजेब के महिमामंडन और आपतिजनक हिन्दू-विरोधी जुमलों के मद्देनजर, जो साम्प्रदायिक तनाव भड़का, उसकी भर्त्सना की जानी चाहिये । यह साम्प्रदायिक विभाजन का सिलसिला कब थमेगा? औरंगजेब का कालखण्ड बीते 300 साल से ज्यादा का वक्त गुजर चुका है, लेकिन औरंगजेब की औलादें आज भी उसे जिंदा रखे हैं। विवादास्पद दुष्प्रचार किया गया, तो कुछ हिन्दू संगठनों ने बंद का आह्वान किया। नतीजतन साम्प्रदायिकता भिड़ पड़ी और पुलिस को लाठीचार्ज कर माहौल को सामान्य करना पड़ा ।

21वीं सदी के भारत में औरंगजेब क्यों और किस तरह प्रासंगिक है? मुगल बादशाहत को खत्म हुये सदियां बीत चुकी हैं। ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें भी हमने हिला दी और आज हम एक आजाद मुल्क हैं। इतिहास में मुर्दों को जिंदा रहने दें और अतीत को दर्ज करते रहें, लेकिन औरंगजेब को देश का बाप मानने और प्रचारित करने का औचित्य क्या है? क्या मुगल भारतीय मुसलमानों के वंशज थे? मुगल बादशाहों ने अपनी ही जमात पर भी खूब जुल्म ढाए थे, क्या मुसलमानों को ये तथ्य ज्ञात नहीं हैं? वाराणसी की कथित ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा का श्रीकृष्ण जन्मभूमि- ईदगाह मस्जिद विवाद अदालतों के विचाराधीन हैं। दोनों ही ऐतिहासिक साक्ष्य हैं कि औरंगजेब ने मंदिरों का विध्वंस किया और मस्जिदें बनवाई थीं। बदकिस्मती है कि हमें आज भी अपने आस्था-स्थलों के संरक्षण के लिए कानूनी लड़ाई लडनी पड़ रही है। इतिहास में ब्यौरे दर्ज हैं कि औरंगजेब ने राजस्थान के चित्तौडगढ़ में ही 63 हिन्दू मंदिरों को तुड़वा कर मलबा बनवा दिया था। 1669 में औरंगजेब के आदेश पर ही काशी का मंदिर तोड़ा गया और ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई गई। मालवा की तत्कालीन महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने 1780 में मंदिर का पुनर्निर्माण कराया था, जिसे आज हम काशी विश्वनाथ मंदिर के तौर पर जानते हैं। औरंगजेब कितना मानवीय अथवा क्रूर था, उसका एक ही उदाहरण पर्याप्त है।

अजय दीक्षित

# तुम्हारे जज़्बे,सहयोग बिना हम कुछ भी नहीं:बाल सुधार गृह

हां सच! कुछ मजबूरी रही होगी या हो सकता है अपहरण की हुई कहीं से लाई गई हों या उन बेसहारा अनाथ बच्चियों को उनके ही किसी अपने ने धकेल दिया हो उस गंदगी के दलदल में जहाँ हम महिलाएं जाने से भी कतराती हैं। चाहे हम समाजसेविका ही सही परंतु ऐसी जगहों पर धकेली गई उन बच्चियों को जिनकी तो अभी बाल्यावस्था है। जो पूर्णतः रूप से बालिग भी नहीं हुई। एसी बच्चियों से जब मैं मिली बाल सुधार गृह में तो हतप्रभ रह गई उनकी करूण व्यथा सुनकर। सुधार गृह के अंतर्गत बच्चियों के पालनहार स्वरूप जिन महिलाओं को रखा गया था वो सभी महिलाएं देवतुल्य ही तो थी। जो किसी बच्ची को दलदल से निकाल कर उन्हें नवजीवन दिलाने के लिए दिन-रात प्रयासरत थी। यदि हर कोई समाज में इस तरह देह व्यवसाय में लिप्त बच्चियों के प्रति सम्मान दृष्टि रख उन्हें दलदल से निकालने का भरपूर प्रयास कर एक स्वर्ण समान सम्मानित जिंदगी प्रदान कर उनमें आशा की किरण भरता है और उन्हें आश्वस्त करता है कि मैं हूं ना तुम्हारे साथ तो ऐसी बच्चियां भी साहस दिखा, अपनेपन और ममत्व से भरी छांव पाकर खुद आगे बढ़ने का प्रयास निरंतर करेंगी।

कोई भी किसी भी प्रकार का अनैतिक कार्य अपनी मर्जी से नहीं करता। हां अगर किसी भी बच्ची इस तरह के दलदल में धंसी है तो उसे आश्वस्त कर उससे कारण जानने का प्रयास करें। यदि किसी मां-बाप ने स्वयं धकेला होगा तो सबसे बड़ी मजबूरी उनकी गरीबी ही रही होगी परंतु इस गरीबी को कारण बता कर अपने ही अंश को हैवानों के समक्ष परोस देना कहां तक उचित है। बल्कि ऐसी अवस्था में हर राज्य, क्षेत्र, जिलों में बहुत सी सामाजिक संस्थाएं, संगठन मिल कर कार्य कर रहें हैं उन्हें अपनी आप बीती सुनाएं ताकि पूर्णतः न सही कुछ अंश तो मदद मिल सके। कुछ हो रहा मिलेगी हो सकता है कोई संस्था आपके बच्ची को ही गोद लेकर आपके दायित्व को आंशिक रूप से समाप्त कर स्वयं कर्तव्य निर्वाह करेगी। ऐसी भयावह नर्क भरी जिंदगी से बेहतर तो संस्थाओं से निवेदन करें।

कुछ बच्चियों को शोषण तो तब होता है जब वो खुद के हाथों से खुद के ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी लेती हैं । जैसे की प्रेम जाल का शिकार हो जाना जिसमें पहले लड़के बड़े-बड़े सपने दिखाकर प्रेम जाल में तो फंसा लेते हैं परंतु इन बच्चियों का शारीरिक शोषण कर घर से भगा के भी ले जाते और छोड़ देते एक अनजान शहर, जिले, राज्य न जाने कहां-कहां जहाँ से वह बच्चियां अपने घर भी किस मुंह से जाएं यही सोच कर। भटकती यहां से वहां और इसी बीच कुछ गिद्धों की नज़र उन पर पड़ती वो गिद्ध जिन्हें दलालों के नाम की संज्ञा दी गई है धकेल परोस देते कुछ मोटी राशि के लिए बच्चियों को हैवानों के आगे। ऐसे लोगों का कहां कोई ईमान होता वो तो मजबूरी का सौदा कर भी किसी की मजबूरी को भी आय का स्त्रोत बना लेते। ऐसी बच्चियों के लिए सिर्फ एक संदेश की कभी किसी पर अपने माता-पिता से अधिक विश्वास नहीं करना। हमारे मां-बाप से बढ़कर हमारा इस दुनिया में कोई हितेशी नहीं है।

कुछ बच्चियां तो जन्म से ही जैसे अभागी सी होती हैं जिनको मां की ममता, पिता का साया बचपन से ही नहीं मिला या तो वो अनाथ हैं या वो बच्चियां जो किसी ओर के पापों की सज़ा लावारिस रूप में कूड़ेदानों के ढ़ेर में पाई जाती जिन्हें उनके कोई अपने तो बहुत विश्वास संग अपने साथ रखते परंतु उन्हीं अपनों की नजर ना जाने कब एक अपराधिक नजर में तब्दील हो जाती की पता ही नहीं चलता। इससे तो वो बच्चियां भी अनजान रहती जो अपने घर पनाह दे पालनहार बन तो जाते परंतु कब वहीं अपने उनका शिकार कर देते और धीरे-धीरे रोज़ शिकार होते-होते ये बच्चियां धकेल दी जाती सेक्स अपराध की तरफ़ जिन्हें बहुत से नामों से संबोधन कर बुलाया जाता जैसे- कॉल गर्ल वगैरह-वगैरह। आज मेरी रूह संग मिल मेरी कलम भी उन शब्दों की वेदनाओं को महसूस कर लिखने में साथ नहीं दे पा रही। क्या कसूर उन मासूम से दिखने वाले चेहरों का क्या कोई अपने अंश को इस कदर हैवानों के समक्ष परोस सकता है पर कैसे? मेरा तो कलेजा सोच के ही जैसे बाहर आ रहा है। करूणा के अथाह सागर सा लिप्त हृदय दर्द से भरा जा रहा है।

ऐसे में हमारे समाज, सामाजिक संस्थाओं, संगठनों का एक दायित्व है कि इस तरह सेक्स के जाल में लिप्त बच्चियों के हौसले को पुनः जीवित कर उन्हें एक आशा, उम्मीद की किरण दिखाएं। उन्हें सूर्य की नवनीत रौशनी से मिलाएं। उन्हें शिक्षा, रोजगार स्वरूप कार्यशाला से जोड़ अपने पांवों पर खड़े हो आगे बढ़ने का हौसला बढ़ाएं। जब ऐसी बच्चियों को ममता भरी छांव से भरी संस्थाओं से मिलेगा तो वो भी हिम्मत कर आगे बढ़ अपने लिए क्या सही, क्या ग़लत यह फैसला कर पाएगी। और जब उसे रोशनी भरी राह मिलेगी तो कुछ पल आपका हाथ थाम और बाद में स्वयं दुनिया के प्रकाश से मिल खुद को दलदल से निकलता देख गौरवान्वित होगी। जब समाज उसे अपना पन देगा तो भूल वो भी अपना भूतकाल वर्तमान भविष्य संवारेंगी साथ ही खुद कुछ सीख कर अपनी जैसी ही बच्चियों बहनों को जागृत कर प्रेरणास्रोत बन मार्गदर्शक भी बन जाएगी। याद रखना बच्चियों यहां रक्षक बहुत कम और भक्षक अधिक मिलते हैं क्यों कि कलयुग है कोई भी आज के वक्त में किसी से बिना मतलब रिश्ता नहीं रखता ऐसे में अगर कोई सुधार गृह आपके जीवन को अंधकार से निकाल स्वर्णिम आभा सी रोशनी भरने का प्रयास करे तो आपको भी सम्मानित संस्थाओं का सम्मान कर बराबर का साथ निभाना होगा। आपके विकास आपके ही हाथ में। आप क्या चाहते रौशनी या अंधेरा ये आप पर निर्भर करता है। रोशनी मतलब समाज में बराबरी का हक अपना खुश का गुरूर सम्मान। अंधेरा मतलब उजालों से दूर हर एक कालिख डरावनी रात। इसलिए आओ हाथ बढ़ाओं और खुद की खुशी ढूंढ़ों इन संस्थानों में ही जो आपके लिए ही नित प्रयासरत हैं । आपसे ही उम्मीद लगाए सच बच्चियों तुम्हारी हिम्मत, जज़्बे, सहयोग बिना हम कुछ भी नहीं। जब हम तुम्हारे साथ हैं तो तुम हारना नहीं। आगे बढ़ना।



वीना आडवाणी तन्वी
नागपुर, महाराष्ट्र

## अरमान

अरमान, ख्वाब हमारे
होते ही कहां है साहेब,
वो तो रौंद, कुचल दिया जाता है,
उस उम्र में
जिसे नौनिहाल कहा जाता है,
मां बाप का दुलारा
देहरी से बाहर कदम रखते ही
गालियों से,
जातिवादी तानों से,
हो जाता है सराबोर,
तब छा जाती है
बालमन पर घटा घनघोर,
फिर वो दुनियादारी समझने लगता है,
ख्वाहिशें तजने लगता है,
उम्र के बढ़ते खत्म से हो जाते हैं
दिल में छुपे सारे अरमान,
भरता जाता है आक्रोश का
ज्वालामुखी,
जो तत्पर रहता है
लावा की तरह कभी भी
फूट पड़ने के लिए।



राजेन्द्र लाहिरी
पामगढ़
छत्तीसगढ़

## नशा नाश की जड़


नशा नाश की जड़ है,
नशा व्याधियों का गढ़ है।
डूबकर फिर उबर न पाये,
नशा वो दलदल है।
सिगरेट बीड़ी या शराब,
कर देती जीवन खराब।
लीवर किडनी डैमेज हो जाते,
पराश्रित बनकर ही रह जाते।
तम्बाकू को अपनाना,जैसे
मौत को गले लगाना।
कैंसर जैसा रोग है देती,
सुख चैन सब हर लेती।
कभी शौक तो कभी संगत में,
नशे को अपनाते हो ।
लत लग जाती है फिर ऐसी,
चाह छोड़ नहीं पाते हो।
इससे ऐसा क्या मिलता है,
जीवन दाव लगाते हो।
अपने संग परिवार को,
गर्त में क्यों गिराते हो ?
मानव तन मिला है खास,
धन का मत तुम करो नाश।
नशे से तुम दूर रहो,
जीवन से भरपूर रहो।
तन रहे स्वस्थ तुम रहो मस्त,
जीवन जियो जबरदस्त।



सोनल सिंह सोनू
कोलिहापुरी दुर्ग
छत्तीसगढ़

## बिजली खंभा


सड़क किनारे बिजली खंभे। पड़ते बच्चे लगे अचम्भे।।
शहर शहर अरु गाँव गाँव में।खड़े रहे ये एक पाँव में।।
वायर रहता लम्बा काला।लगता जैसे मकड़ी जाला।।
घर दफ्तर बिजली पहुँचाता।काम सभी लोगों के आता।।
धूप छाँव अरु गिरता पानी।देख इन्हें होती हैरानी।।
पावर रखता इतना भारी।कभी न छूते नर अरु नारी।।
मानव इससे नाता जोड़े।इनका पीछा कभी न छोड़े।।
जीवन भर ये सेवा करते।जन जन में खुशियाँ ये भरते।।
खड़े रहे ये बिना सहारे।सदा मौन गम्भीर बिचारे।।
जोड़ रखे परिवार हमेशा।हमें नेक मिलता संदेशा।।



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## सावन

मंगल कारी महीना सावन।
पुन्यकारी बड़ा होता पावन।
प्रिय महीना भोले बाबा को।
भांग, धतुरा चढ़े बाबा को।
कावर लें के चले व्रती।
उत्साह उमंग मन में अती।
गगन भी देखो आज मगन।
वर्षा की सबको लगन।
कृषक हुए हर्षित अति।
कृतज्ञ हुएं इंद्र के प्रति।
देख बदरिया गाए गान।
दादूर,मोर , पपीहे की तान।
पड़ी फुहारें लगे अंगार।
नस्तर चलाएं बहे बयार।



प्रेमा पटेल
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# जल संसाधन विभाग के द्वारा बनाया जा रहा नहर चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

## जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभारी( ई ई) कार्यपालन अभियंता अरुण मिश्रा जानकारी मांगने पर सरगुजा कलेक्टर से जानकारी मिलने की बात कही

» नहर निर्माण में नाबालिगों से लिया जा रहा कार्य

» पक्की माइनर नहर निर्माण कार्य जल संसाधन विभाग के श्याम घुनघुट्टा मनरेगा योजना के अंतर्गत कराया जा रहा है

» जिसकी अनुमानित लागत लगभग दो करोड़ की बताई जा रही है








-मनोज कुमार-
लखनपुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
जल संसाधन विभाग के श्याम घुनघुट्टा माईनर नहर निर्माण लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवी टिकरा में भाग-1,सलका में भाग -1-2 ,लहपटरा में भाग-1-2, पुहपुटरा में भाग 1-2-3-4-5 वहीं सिरकोतंगा में मुख्य नहर का मरम्मत कार्य होना है। परंतु जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ठेकेदार मिलीभगत कर गुणवत्ताविहीन माइनर नहर का निर्माण कार्य करा रहे हैं। मौके पर जल संसाधन विभाग के कर्मचारि के दौरान नाबालिगों से निर्माण कार्य में काम लिया जा रहा है। इस संबंध में मौके पर मौजूद जल संसाधन विभाग के कर्मचारी शंकर प्रशाद से बात करने पर उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया और मौके से भाग निकले। किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए केंद्र से लेकर राज्य सरकार के द्वारा कई जन कल्याणकारी योजना चलाई जा रही हैं जिसमें किसानों को हर संभव मदद मिले जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और सही समय पर धान की फसलों का अच्छी उपज मिल सके।

लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत जल संसाधन विभाग के श्याम घुनघुट्टा परियोजना मैं मनरेगा योजना के अंतर्गत माइनर नहर पक्की करण कार्य कराया जा रहा है जिसमें जल संसाधन विभाग श्याम घुनघुट्टा परियोजना के द्वारा माईनर नहर निर्माण लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम देवी टिकरा में भाग-1,सलका में भाग -1-2 ,लहपटरा में भाग-1-2, पुहपुटरा में भाग 1-2-3-4-5 वहीं सिरकोतंगा में मुख्य नहर का मरम्मत कार्य होना है।

जिसमें 10 माइनर नहर पक्की करण कार्य 19.93 लाख से भी अधिक का कार्य कराया जा रहा है वहीं ग्राम सिरकोतंगा में मुख्य नहर को मरम्मत का कार्य लगभग 16 लाख का कराया जा रहा है।

जल संसाधन विभाग के द्वारा माइनर पक्की नहर कार्य में भारी अनियमितता एवं गुणवत्ता विहीन कार्य की शिकायत आसपास के लोगों के द्वारा की जा रही है जिसमें प्राक्कलन (स्टीमेट) से हटकर गुणवत्ता विहीन पक्की आरसीसी माइनर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिस पर किसानों को भारी रोष व्याप्त है।

वहीं विभाग के द्वारा कराई जा रही पक्की माइनर नहर निर्माण में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है ।

पक्की माइनर नहर निर्माण के वाल में एवं बेस में उपयोग में छड़ 8 एमएम का 1- 1 फीट की दूरी पर वाल निर्माण कराया जा रहा है वहीं बेस में छड़ की जाली में 8 एमएम का 3 छड़ 8 डाला जा रहा है वही नहीं 20 एमएम गिट्टी का उपयोग करना था जहां 40 एमएम गिट्टी का उपयोग तथा सीमेंट गुणवत्ता विहीन कार्य करने से जगह-जगह वालों में दरारे भी आ रही हैं। जिससे इसके गुणवत्ता पर किसानों के द्वारा प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है और जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारें भी आ रही हैं जिसका समय से पहले टूटने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

इस संदर्भ पर जल संसाधन विभाग के ई ई अरुण मिश्रा से जानकारी लेने पर बताया गया कि सारे लोग को चढ़ोत्तरी चढ़ाई जाती है जिसके कारण में इस संबंध में किसी प्रकार का कुछ नहीं बता पाऊंगा सरगुजा कलेक्टर इस संबंध में आपको जानकारी उपलब्ध करा पाएंगे।
**अरुण मिश्रा**
जल संसाधन विभाग के (ई ई) कार्यपालन अभियंता

# असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने एसपी निकले सड़क पर

» 25 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा द्वारा विधानसभा चुनावों से पूर्व जिले में दुरुस्त पुलिसिंग व्यवस्था कायम कर आसामजिक तत्वों, हुड़दंगियों, गुंडा बदमाशों पर लगातार पैनी नजर रखकर सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे जिले में शांतिपूर्ण गतिविधिया सुचारु रूप से क्रियान्वित की जा सके। इसी क्रम में बीते शाम पुलिस अधीक्षक सरगुजा के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शहर के संवेदनशील क्षेत्रों, सुनसान क्षेत्रों एवं गांधी चौक में विस्तृत चेकिंग अभियान चलाकर लगातार आसामजिक तत्वों, हुड़दंगियो एवं शराब पीकर वाहन चलाकर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर सरगुजा पुलिस द्वारा सख्ती के साथ कार्रवाई की गई। संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शहर के पीजी कॉलेज, कलाकेंद्र मैदान, शिवधारी तालाब के आसपास एवं अन्य संवेदनशील एवं सुनसान क्षेत्रों में दबिश देकर कुल 25 संदिग्धो की धरपकड़ की गई, कार्यवाही के दौरान पकड़े गए आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही भी सरगुजा पुलिस द्वारा निरंतर की जा रही हैं जिससे आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों में क़ानून का भय बना रहे एवं आमनागरिकों को शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके।सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, रक्षित निरीक्षक जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग सहित यातायात पुलिस की टीम एवं शहर के सभी थानो की संयुक्त पुलिस टीम शामिल रही।

# भूमाफियाओं ने शमशान की भूमि को भी नहीं छोड़ा

## फर्जी तरीके से पट्टा बनवाकर कर दी बिक्री

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
. ग्राम पंचायत सखौली में 0.8090 हेक्टेयर शासकीय भूमि है। इस भूमी पर वर्षो से ग्रामीणों द्वारा शमशान घाट के लिए उपयोग किया जाता है। जिसे फर्जी तरीके से सुखनन्दन बादी के नाम से पट्टा बनवाकर शमशान की सरकारी भूमि को नावाबांध के देवचंद राजवाड़े पिता धगरू राजवाड़े के नाम से पटवारियों की मिली भगत कर शासकीय शमशान की भूमि को बिक्रय कर दिया गया है। बुधवार को दो दर्जन की संख्या में ग्राम सखौली के महिला-पुरूष इस मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त शासकीय भूमि पर वर्षो से



गांव के लोगों द्वारा शमशान घाट के लिए उपयोग किया जाता था। वहीं फर्जी तरीके से पट्टा बनवाकर बिक्रय कर दिया गया है। और उक्त भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। कब्जाधारी द्वारा उक्त भूमि पर जेसीबी से समतलीकरण कराया जा रहा है। इस दौरान लगभग उक्त भूमि से 200 से अधिक पेड़ों को जेसीबी से ढहा दिया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पट्टा व रजिस्ट्री निरस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में उप सरपंच, पंच कमलेश राजवाड़े, बिलियम बड़ा, जयनाथ, गुलू राम, राजकुमारी, मनप्यारी, रामधन, मानमति, केन्दी, रजनी, ज्योति, प्रभा सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो में बेहतर प्रदर्शन पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक ने दी बधाई



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक व सरगुजा लोकसभा प्रभारी खतीब खान के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश उपाध्यक्ष मुजस्सम नजर के उपस्तिथि में सरगुजा जिला के जिला कार्यकारणी की बैठक राजीव भवन अंबिकापुर में आयोजित की गई। राष्ट्रीय सयोजक खतीब खान ने यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो में सरगुजा के बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दिया और जल्द से जल्द बचे हुए बूथ में कमेटी गठित करने एव बेहतर भारत की बुनियाद को सफल बनाने के लिए निर्देश दिया। युवा कांग्रेस जिला के प्रभारी नीरज तिवारी ने कहा कि यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो में सहभागिता दिखा कर जल्द से जल्द पूरा करें। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो के तहत बूथ कमेटी में जल्द से जल्द सदस्य बनाएं और 2023 विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करें तथा बैठक का संचालन भी किया। इस बैठक में सुनील मिश्रा, नीतीश चौरसिया, रजनीश सिंह, निक्की ख़ान, उत्तम राजवाड़े, स्वर्णिम शुक्ला, हिमांशु जायसवाल, विकास केशरी, आतिफ रजा, हिमांशु अग्रवाल, प्रीतिका विश्वकर्मा, मिथुन सिंह, प्रिंस विश्वकर्मा, आकाश अग्रहरी, केदार यादव, आशीष जायसवाल, अभिषेक सोनी, साक्षी गुप्ता, निधि, काजल गुप्ता, सोम मुखर्जी, अनिकेत सोनी, दीपक दूबे, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, रेहान अली आदि उपस्थित थे।

### रथ यात्रा देखकर बाइक से भाई के साथ लौट रही युवती की

# सड़क दुर्घटना में हो गई मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
जगन्नाथ रथ यात्रा देखकर बाइक से भाई के साथ लौट रही युवती सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए



मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार अनीता बाई पिता धनेश्वर साय उम्र 23 वर्ष पुराईनबंध तपकरा जशपुर की रहने वाली थी। वह 4 जुलाई को परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सभी तीन अलग-अलग बाइक से रथ यात्रा देखने म्यूरनाचा गए थे। अनीता अपने भाई बजरंग के साथ बाइक पर थी। वापस लौटने के दौरान रास्ते में ट्रक क्रमांक सीजी 10 एएफ 4749 के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में अनीता गंभीर रूप से जख्मी हो गई जबकि बाइक चला रहे इसके भाई को मामूली चोट आई थी। परिजन अनीता को इलाज के लिए पत्थलगांव अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल के दूसरे दिन अस्पतालों में की गई वैकल्पिक व्यवस्था




-संवाददाता-
अम्बिकापुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
. स्वास्थ्य कर्मचारियों के अनिश्चिकालीन हड़ताल के दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। बुधवार को जिले भर के स्वास्थ्य कर्मचारी अंबिकापुर एसबीआई के कलेक्टोरेट शाखा के सामने धरना प्रदर्शन किया। इधर अनिचितकालीन हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी चरमरा गई है। हालांकि हड़ताल के दूसरे दिन बुधवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था समान्य रही। किसी तरह की कोई परेशानी सामने नहीं है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमएस ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है। हड़ताल के पहले दिन हमर लैब में कुछ परेशानी आई थी। जिसे दूर कर लिया गया है। बाकी सारी स्वास्थ्य व्यवस्था पूर्व की तरह चल रहे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ कर्मचारी अपनी वेतन विसंगति, पुलिस विभाग के सामान वर्ष में 13 माह का वेतन, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करना या समान कार्य समान वेतन जैसे 24 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 जुलाई से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। जिलाध्यक्ष धनेश प्रताप सिंह ने बताया कि संघ द्वारा पत्राचार व धरना प्रदर्शन के माध्यम से शासन को अपनी मांगों के बारे में अवगत कराया गया किंतु सरकार द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों के प्रति सौतेला व्यवहार किया गया। हम स्वास्थ्य कर्मचारियों को बाध्य होकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होती हड़ताल जारी रहेगा।

# आईजी ने बॉडर के पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग

-संवाददाता-
बलरामपुर ,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के सभाकक्ष में अंतर्राज्यीय संयुक्त बॉर्डर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सरगुजा रेंज के बलरामपुर, सूरजपुर, सरगुजा और जशपुर के साथ-साथ जिले से लगने वाले तीनों पड़ोसी राज्यों के पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी सम्मिलित हुए। समीक्षा बैठक में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रामगोपाल गर्ग, राजकुमार लकड़ा पुलिस महानिरीक्षक पलामू, डी. रविशंकर पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर, रिमिजियुस एक्का कलेक्टर बलरामपुर, डॉ. लाल उमेद सिंह पुलिस अधीक्षक बलरामपुर, श्रीमती रेना जमील मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बलरामपुर, शेखर जमूआर कलेक्टर गढ़वा, अंजनी कुमार झा पुलिस अधीक्षक गढ़वा, भोर सिंह यादव कलेक्टर लातेहार, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक लातेहार, आई. कल्याण एलेसेला पुलिस अधीक्षक सूरजपुर, कुन्दन कुमार कलेक्टर सरगुजा, सुनिल शर्मा पुलिस अधीक्षक सरगुजा, डॉ. रवि मित्तल कलेक्टर जशपुर सम्मिलित हुए।




समीक्षा बैठक का उद्देश्य जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ सम्पूर्ण जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराना है। इस अवसर पर चुनाव के दौरान किसी भी तरीके के नकारात्मक गतिविधियों को रोकने के लिए एजेण्डावार विचार-विमर्श करते हुए सभी क्षेत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी/सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीमावर्ती जिलों, अनुभागों एवं थाना क्षेत्र के संबंध में जानकारी साझा की गई। जिन क्षेत्रों में लोगों का आवागमन होता है उन सभी क्षेत्रों में नाका प्वाईंट लगवाने के संबंध में, गुण्डा-बदमाश, अपराधियों एवं स्थायी वारंटियों के धरपकड़ के संबंध में अन्य राज्यों से भी कार्यवाही हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस, राजस्व सहित विभिन्न विभागों में आपसी समन्वय बेहतर करने के संबंध में चर्चा की गई। क्षेत्र के संवेदनशील हॉट-स्पॉट का चिन्हांकन करने, संयुक्त नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान सूचना तंत्र को मजबूत करने, अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए संयुक्त मैकेनिज्म को कारगर बनाने एवं फिक्सड पिकेट के साथ मोबाइल चेकिंग के संबंध में आवश्यक जानकारियों को साझा किया गया। इसके अलावा सम्पूर्ण विधानसभा चुनाव के दौरान संचार व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रामगोपाल गर्ग ने बलरामपुर की सीमा से लगने वाले पड़ोसी राज्य झारखण्ड के गढ़वा, लातेहार और गुमला क्षेत्रों के संबंध में कहा कि यहां नक्सल गतिविधियां होती रहती हैं जिसके लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता है। बलरामपुर के भूताहीमोड़, बंदरचुआं, पुंदाग एवं सबाग कैम्प की स्थापना होने पर नक्सली गतिविधियों पर जिस प्रकार सफलतापूवर्क अंकुश लगाया गया उसके लिए उन्होंने पुलिस प्रशासन की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बूढ़ापहाड़ जैसे पहुंचविहीन एवं अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस एवं सी.आर.पी.एफ. की उपस्थिति से क्षेत्र के लोगों में पुलिस एवं प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। निश्चित तौर पर यह जिले में शांतिपूर्ण चुनाव कराने में अपनी सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कीटनाशक के सेवन से छात्र की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
अंबिकापुर छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहा युवक अज्ञात कारण से 27 जून को कीटनाशक सेवन कर लिया था। परिजन को तबियत खराब होने की जानकारी दी। तबियत खराब होने की आशंका पर परिजन उसे घर ले लाए और उसे तत्काल इलाज के लिए भर्ती नहीं कराया। 3 जुलाई को ज्यादा तबियत खराब होने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। इस दौरान युवक ने दादी को बताया कि मैं कीटनाशक सेवन करने से मरी तबियत बिगड़ी है। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सरोज कुमार पंडो पिता रामविलास पंडो उम्र 18 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम खर्राडांड़ का रहने वाला था। वह अंबिकापुर प्रयास छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता था। अज्ञात कारण से 27 जून को वह कीटनाशक सेवन कर लिया था। 29 जुन को वह परिजन को बताया कि मेरी तबियत ठीक नहीं है। परिजन उसे 30 जून को तबियत खराब होने पर घर ले गए। परिजन तबियत खराब होने की आशंका पर उसे इलाज के लिए अस्पताल न ले जाने के बजाए घर में ही रखे रहा। 3 जुलाई को उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान सरोज ने अपनी दादी को बताया कि मेरी तबियत कीटनाशक सेवन करने से हुई है। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# महिला की हत्या के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

-संवाददाता-
कुसमी,05 जुलाई 2023(घटती-घटना)।
कोरंधा थाना अंतर्गत एक ग्राम में एक महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझाया, मिली जानकारी के अनुसार यह बताया जा रहा है की मृतिका के परिजनों ने थाने में आकर बताया कि उनके परिवार के एक सदस्य का लाश घर पर पड़ी हुई है, पुलिस ने मामले में जानकारी मिलने के बाद महिला के घर जाकर शव को बरामद किया शव में कीड़े लगे हुए थे शरीर में चोट के निशान पाए गए,घटना स्थल में वारदात को देखकर एसडीओपी रितेश चौधरी थाना प्रभारी दुवेंद्र सिंह टेकाम ने एसपी डॉ लाल उमेद सिंह को घटने से अवगत कराया जहा एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम ने विवेचना शुरू किया ,फिर पुलिस टीम ने महिला के बारे में लोगो से जानकारी लेना शुरू किया तो मंगल साय और द्वारिका नाम के व्यक्ति मामले में संदिग्ध लगे जिससे पुलिस ने कड़ाई से पुछताछ की तो उन्होंने बताया की 1 जुलाई के दिन महिला के घर वे गए थे जहा दोनो ने खुब शराब पिया और फिर महिला के साथ अवैध संबंध बनाया, और थोड़ी देर बाद दोनो फिर से शारीरिक



संबंध बनाने के लिए जबरजस्ती करने लगे जिससे महिला ने धमकी देते हुए कहा की अगर जबरजस्ती करे तो गांव में हल्ला करके तुमलोग के कारनामे पूरे गांव वालो को बता दूंगी जिससे दोनो डर गए और महिला के घर में रखे कुल्हाड़ी से द्वारिका प्रसाद ने उसके सर मे कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर दिया और मंगल साय महिला के मुंह में कपड़ा डाल दिया की महिला चिल्ला न से,जैसे ही महिला की मौत हो गई तो दोनो आरोपी महिला के घर से भाग गए और तीन दिनों तक महिला के घर की निगरानी के साथ झारखंड भागने का प्लान बना ही रहे थे की पुलिस ने पकड़ लिया, और दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया , वही हत्या में प्रयुक्त हथियार सहित अन्य समान को भी पुलिस ने बरामद किया,इस तरह पुलिस ने मामला सामने आने के बाद 24 घंटे की भीतर हत्या के मामले को सुलझा लिया, कार्यवाही में एसडीओपी रितेश चौधरी,थाना प्रभारी दुवेंद्र सिंह टेकाम,प्र. आ.अमोल कश्यप,आरक्षक धीरेंद्र सिंह चंदेल, बाबुलाल,अनिल साहू,अनूप खलखो,महिला आरक्षक,सोनमती टोप्पो, शामिल रहे।

CMYK

## उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ विमान, एक की मौत, तीन घायल

मुरिएटा । एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक यात्री की मौत के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक विमान उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें एक यात्री की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हुए हैं। संघीय विमानन प्रशासन ने घटना के संबन्ध में बताया कि एक इंजन वाले सेसना-172 विमान ने मंगलवार को अपराह्न करीब दो बजकर 45 मिनट पर मुरिएटा में फ्रेंच वैली हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। विमान में चार लोग सवार थे। हालांकि संघीय विमानन प्रशासन और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस घटना की जांच करेंगे। विमान उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही वह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दिखाए जा रहे वीडियो फुटेज में यह छोटा विमान एक पार्किंग स्थल पर उल्टा गिरा हुआ दिख रहा है। रीवरसाइड काउंटी फायर विभाग के अनुसार, यह हादसा लॉस एंजिलिस से करीब 135 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में हुआ। मौके पर ही एक व्यक्ति की मौत हो गयी। तीन अन्य को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है जिनमें से एक को गंभीर चोटें आयी हैं।

## 13 फलस्तीनियों की मौत के बाद इजराइल ने अपने सैनिकों को वापस बुलाया

जेनिन ।वेस्ट बैंक में उग्रवादियों के गढ़ से इजराइल की सेना ने अपने सैनिकों को वापस बुलाना शुरु कर ?दिया है। उसने यह कदम मंगलवार देर रात से ही उठाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इजराइल ने वेस्ट बैंक में दो दिन तक चलाए गहन सैन्य अभियान के बाद यह कदम उठाया है जिसमें कम से कम 13 फलस्तीनियों की मौत हो गयी, हजारों लोग बेघर हो गए और व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है ।इस अभियान में एक इजराइली सैनिक भी मारा गया। बहरहाल, जेनिन शरणार्थी शिविर के कुछ हिस्सों में इजराइली सैनिकों और फलस्तीनी चरमपंथियों के बीच भीषण लड़ाई जारी है। जेनिन शरणार्थी शिविर के निवासियों ने मध्यरात्रि के बाद बताया कि सेना इलाके को छोड़कर चली गयी है। इस लड़ाई में सेना का एक सैनिक मारा गया। सेना ने बताया कि गाजा पट्टी में उग्रवादियों ने इजराइल में पांच रॉकेट दागे ।सभी रॉकेट को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिरा दिया गया, लेकिन इससे दो पक्षों के बीच तनाव बढ़ने का खतरा बढ़ गया है ।इस घटनाक्रम से कुछ घंटों पहले हमास के एक चरमपंथी ने तेल अवीव के एक भीड़भाड़ वाले बस अड्डे में लोगों पर कार चढ़ा दी और इसके बाद लोगों पर चाकू से वार करना शुरू कर दिया जिसमें एक गर्भवती महिला समेत आठ लोग घायल हो गए ।घटनास्थल पर हथियार से लैस एक आम नागरिक ने ही हमलावर को मार गिराया ।हमास ने कहा कि यह हमला इजराइल की कार्रवाई का बदला है। वहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जेनिन के बाहर एक सैन्य चौकी का दौरा करते हुए संकेत दिया कि करीब दो दशकों में यह सबसे गहन सैन्य अभियान खत्म होने के करीब है। हालांकि, उन्होंने भविष्य में इस तरह के अभियान चलाने का संकल्प भी किया।

## अल-नीनों का खतरा बढ़ा, वैज्ञानिकों ने रिकॉर्ड किया दुनिया का सबसे गर्म दिन

वॉशिंगटन ।वैज्ञानिकों ने अल नीनो के खतरे को भांपते हुए आगाह किया है। इससे दुनिया में गरमी बढ़ती ही जा रही है ।दुनिया का औसत तापमान सोमवार 3 जुलाई को एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया था ।पहली बार ऐसा हुआ जब वैश्विक औसत तापमान 17 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि अल-नीनो नामक प्राकृतिक मौसम घटना और इंसानों की ओर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के संयोजन से गर्मी बढ़ रही है। वैज्ञानिकों ने पिछले महीने की पुष्टि दुनिया के अब तक के सबसे गर्म जून के रूप में भी की गई है। यहां यह बात गौरतलब है कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने की घटना अल-नीनो कहलाती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएस नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल प्रेडिक्शन के वैज्ञानिकों ने कहा कि दुनिया का औसत तापमान 3 जुलाई को 17.01 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिसने अगस्त 2016 के बाद से 16.92 डिग्री सेल्सियस के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। एक और अहम जानकारी यह है कि वर्तमान में चीन भीषण हीटवेव का सामना कर रहा है और कुछ जगहों पर तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। दूसरी ओर दक्षिणी अमेरिका में भी दमघोंटू स्थिति बनी हुई है। 1979 में सैटेलाइट मॉनिटरिंग रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से सोमवार का तापमान सबसे अधिक गर्म था। विशेषज्ञों का मानना है कि 19वीं शताब्दी के अंत में इंस्ट्रूमेंटल रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से यह सबसे अधिक है। नया अधिकतम तापमान प्राकृतिक घटना अल-नीनो और कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन का एक संयोजन है।

## कुरान के अपमान को लेकर पाकिस्तान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान

इस्लामाबाद । स्वीडन में कुरान की एक प्रति जलाने के एक हफ्ते बाद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। ईद-उल-अधा पर स्टॉकहोम की केंद्रीय मस्जिद के बाहर कुरान के अपमान की तुर्की, जॉर्डन, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, मोरक्को, इराक और ईरान के साथ-साथ यूरोपीय संघ सहित कई देशों ने व्यापक निंदा की। 7 जुलाई को यौम-ए-तकद्दुस कुरान के रूप में मनाया जाएगा, जो कुरान की पवित्रता को बनाए रखने का दिन है ।पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) (पीएमएल-एन) द्वारा ट्विटर पर साझा किए गए एक बयान में कहा गया है कि पीएम शरीफ ने बैठक के दौरान स्वीडन की घटना पर चर्चा की ।बयान के अनुसार, पूरे देश में लोगों से चाहे उनका राजनीतिक झुकाव कुछ भी हो ।उपद्रवियों को एकजुट होकर संदेश देने का आग्रह किया गया ।पीएमएल-एन द्वारा जारी बयान में पीएम शरीफ के हवाले से कहा गया है कि पवित्र कुरान का सम्मान करना हमारे विश्वास का हिस्सा है और हम सभी इसके लिए एकजुट हैं ।शरीफ ने अपनी पार्टी को विरोध प्रदर्शन में पूरी तरह से भाग लेने का भी निर्देश दिया। दुनिया भर के शांतिप्रिय राष्ट्रों और नेताओं, जो सह-अस्तित्व में विश्वास करते हैं, को इस्लामोफोबिया और धार्मिक पूर्वाग्रहों से पीड़ित हिंसक ताकतों का रास्ता रोकना चाहिए ।उन्होंने कहा कि धर्म, प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों, विश्वासों और विचारों को निशाना बनाने वाले हिंसक दिमाग विश्व शांति के लिए खतरा थे और उन्होंने राष्ट्रों से ऐसे रुझानों और घटनाओं को हल करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आग्रह किया।

## सिर से जुड़ी 2 जुड़वा बहने जन्म के 6 साल बाद सुरक्षित

शेरलॉट। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में 6 साल की दोनों जुड़वा बहनें, जिन्हे एबी और एरिन के नाम से जाना जाता है ।यह पूरी तरह से स्वस्थ हैं ।जब इनका जन्म 2017 में हुआ था। तब दोनों के सिर आपस में जुड़े हुए थे। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर दोनों को अलग अलग किया था ।उस समय इनके जिंदा रहने की संभावना मात्र 2 फीसदी बताई गई थी ।लेकिन 6 साल बाद ना केवल यह स्वस्थ हैं। वरन सामान्य तरीके से अपना जीवन जी रही हैं। इन दोनों जुड़वा बहनों ने जिस तरीके से अपने आप को विकसित किया है ।उसे चिकित्सा जगत मे आश्चर्य के रूप में देखा जा रहा है।

## कब्रिस्तान दफनाने जा रहा परिवार चौंका, महिला हुई जिंदा

बैंकाक ।थाईलैंड में एक अजीब घटना हुई, जब परिवार महिला को दफनाने के लिए कब्रिस्तान ले जा रहा था, और वह जिंदा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक महिला की मौत के बाद उसे लेकर जब अंतिम संस्कार के लिए लोग जा रहे थे, तभी महिला बीच रास्ते में अचानक ज़िंदा हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये घटना एक 49 साल की महिला चातापोर्न स्त्रिफोनला के साथ घटी। बताया जा रहा है कि महिला की सांस नहीं चल रही थी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था ।उसे लेकर लोग अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में महिला जदिंा हो गई और वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई क्योंकि किसी को भी ऐसी स्थिति की उम्मीद बिल्कुल नहीं थी ।ये घटना थाईलैंड के उडोन थानी प्रोविंस में 29 जून को घटी। पैरामेडिक्स को लगा कि महिला की सांसें बंद हो चुकी हैं और वो अब अपनी जान गंवा चुकी है। चूंकि महिला को पहले से लिवर कैंसर था और डॉक्टरों ने पहले ही उसके बचने के चांस काफी कम बताए थे, ऐसे में उसकी मां को भी लगा कि बेटी की मौत हो चुकी है। लोगों को दुख था कि महिला आखिरी वक्त अपने परिवार के साथ जीना चाहती थी लेकिन उसकी मौत रास्ते में ही हो गई. उसके अंतिम संस्कार का इंतज़ाम किया गया और एक गाड़ी में उसके शव को लेकर यात्रा शुरू हुई।



यमन की राजधानी सना में विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग। ये लोग वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी शिविर में इजरायली हमले का विरोध कर रहे हैं।

## कनाडा में खालिस्तानी कैसे सांप की तरह अपना सिर उठा रहे

### -भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा

टोरंटो । हाल ही में भारतीय राजनयिकों को हत्यारा बताने वाले खालिस्तान समर्थन में लगाए गए पोस्टर की निंदा कर भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने चेतावनी दी कि खालिस्तानी खतरा देश पर मंडरा रहा है। सांसद आर्य ने ट्वीट कर कहा कि कनाडा में खालिस्तानी हिंसा और नफरत को बढ़ावा देकर हमारे अधिकारों और स्वतंत्रता का दुरुपयोग हो रहा है ।कनाडाई सांसद ने कहा कि हालांकि यह अच्छा है कि कनाडाई अधिकारी इस पर ध्यान दे रहे हैं, हमें ध्यान देना चाहिए कि खालिस्तानी कैसे सांप की तरह अपना सिर उठा रहे हैं ।8 जुलाई को खालिस्तान स्वतंत्रता रैली की घोषणा करने वाले पोस्टर में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और टोरंटो में महावाणिज्य दूत अपूर्व श्रीवास्तव को खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर का हत्यारा बताकर पूरे भारत में आक्रोश फैला दिया। खालिस्तानियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 39वीं वर्षगांठ पर दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की एक झांकी लगाई, जिसमें उनके कपड़ों पर खून लगा हुआ था और एक पोस्टर लगा था, जिस पर लिखा था कि श्री दरबार साहिब पर हमले का बदला लिया जाएगा। राजनयिक आर्य ने कहा कि हाल ही में ब्रैम्पटन परेड में दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा और उनके अंगरक्षकों की हत्या को चित्रित करके वह अब खुलेआम भारत के खिलाफ हिंसा का आह्वान कर रहे हैं। भारत द्वारा इस मुद्दे को कनाडा में उच्चतम स्तर पर उठाने के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चेतावनी दी कि संबंध प्रभावित हो सकते हैं। विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि ऐसा प्रचार अस्वीकार्य है।

# नेपाल और चीन के बीच तानतानी, अमेरिका जेम्स बॉड काठमांडू पहुंच रहे

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल और चीन में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को लेकर तकरार जारी है। चीन का दावा है कि उनसे पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सहित कई परियोजनाओं को बीआरआई के अंतर्गत बनाया है। वहीं, नेपाल इन दावों से साफ इनकार कर रहा है। इस बीच अमेरिकी चाणक्य कहलाने वाले सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू एक दिवसीय काठमांडू दौरे पर पहुंच रहे हैं। हालांकि, अमेरिका और नेपाल ने उनकी यात्रा की कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है। डोनाल्ड लू वहीं अमेरिकी नेता हैं, जिस पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उनकी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। लू दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट में राजनयिक सूत्र के हवाले से बताया है कि अपने दक्षिण एशियाई दौरे के हिस्से के रूप में लू काठमांडू की बहुत छोटी यात्रा पर आ रहे हैं। वह भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित अन्य देशों का दौरा करने वाले हैं। लू 14 जुलाई को काठमांडू में उतकर और यहां कुछ घंटे बिताएंगे। दूतावास के अंदर और बाहर उनकी नियमित राजनीतिक बैठकें होंगी, लेकिन उनका कोई खास एजेंडा नहीं है। वह इस क्षेत्र की यात्रा कर रहे हैं।



विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि वह प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, विदेश मंत्री एनपी सऊद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कुछ राजनीतिक नेताओं से मुलाकात करेंगे जिनकी पुष्टि अभी बाकी है।

लू का नेपाल दौरा उस समय हो रहा है, जब चीनी नेताओं के उच्च स्तरीय यात्राएं बढ़ रही हैं। लू पहले भी दो बार काठमांडू का दौरा कर चुके हैं। वह आखिरी बार नवंबर 2021 में मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन को नेपाली संसद की बिना किसी देरी के मंजूरी दिलाने का अनुरोध करने काठमांडू आए थे। उन्होंने यह दौरा उस समय किया जब एमसीसी नेपाल कॉम्पैक्ट एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था। तब उन्होंने तत्कालीन नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, सीपीएन-यूएमएल अध्यक्ष केपी ओली और सीपीएन (माओवादी केंद्र) अध्यक्ष पुष्प कमल दहल से मुलाकात की और उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि यह समझौता 28 फरवरी की समय सीमा के भीतर संसद से पारित हो जाना चाहिए।

# इमरान को फिर झटका, गिलगित बाल्तिस्तान मुख्यमंत्री अयोग्या करार

**लाहौर (एजेंसी)।** गिलगित बाल्तिस्तान की स्थानीय अदालत ने कानून की फर्जी डिग्री से संबंधित मामले में मुख्यमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के वरिष्ठ नेता खालिद खुर्शीद खान को अयोग्य करार दिया। इस फैसले को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लिए एक नया झटका माना जा रहा है। खालिद पर फर्जी डिग्री से गिलगित-बाल्तिस्तान बार काउंसिल से वकालत का लाइसेंस लेने का आरोप था।

न्यायमूर्ति मलिक इनायत-उर-रहमान, न्यायमूर्ति जौहर अली और न्यायमूर्ति मोहम्मद मुश्ताक की तीन-सदस्यीय पीठ ने दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री को अयोग्य घोषित करने की याचिका पर आदेश पारित किया। गिलगित-बाल्तिस्तान विधानसभा के सदस्य और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता गुलाम शहजाद आगा ने खालिद की कानून की डिग्री को चुनौती देकर संविधान के अनुच्छेद 62 एवं 63 के तहत उन्हें अयोग्य घोषित करने की अपील की थी। खालिद के वकील एडवोकेट असदुल्लाह ने कहा कि वह फैसले को चुनौती देने वाले हैं।

उन्होंने कहा, हम विस्तृत आदेश का इंतजार कर रहे हैं और फिर इसके खिलाफ गिलगित बाल्तिस्तान की सर्वोच्च अपीलीय अदालत में अपील दायर करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अन्य सभी उपलब्ध विकल्पों का इस्तेमाल होगा। खान की पार्टी पीटीआई मई में अपने समर्थकों द्वारा संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों पर अभूतपूर्व हमले के बाद अपने सबसे कठिन दौर का सामना कर रही है। पार्टी ने कहा कि वह खालिद के साथ खड़ी रहेगी, जिनके पास विधानसभा में बहुमत है। खालिद को 2020 में गिलगित-बाल्तिस्तान का मुख्यमंत्री चुना गया था। भारत लगातार यह कहता रहा है कि संपूर्ण जम्मू-कश्मीर राज्य, जिसमें तथाकथित गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग रहा है और रहेगा।

# इमरान खान ने की भारत के राष्ट्रपिता से अपनी तुलना, मंडेला व जिन्ना को बताया आदर्श

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी तुलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से की है, उन्होंने नेल्सन मंडेला व मोहम्मद अली जिन्ना को अपना आदर्श बताते हुए उनके नक्शेकदम पर चलने की बात कही है। इमरान खान ने कहा कि बड़ी संख्या में गिरफ्तारियों और आरोपों के बावजूद वह और उनकी पार्टी पाकिस्तान के अगले चुनावों में जीत हासिल करने में सक्षम है। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी तुलना नेल्सन मंडेला और महात्मा गांधी जैसे इतिहास के महान नेताओं से की। गौरतलब है ?कि 9 मई को पाकिस्तान में हुई हिंसा के संबंध में अब तक बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ता गिरफ्तार किए जा चुके हैं। खुद इमरान खान सैकड़ों आरोपों का सामना कर रहे हैं और आए दिन उन्हें अदालतों में पेश होना पड़ रहा है। इंटरव्यू में इमरान ने कहा कि मुझे पता है कि वे मुझे फिर से जेल में डाल देंगे। इसमें बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा क्योंकि उन्हें डर है कि अगर मैं बाहर रहा तो मेरी पार्टी बहुत मजबूत हो जाएगी। इसलिए हमें जेल में डालकर चुनाव लड़ने से रोकने की कई कोशिशें की जा रही हैं।



उन्होंने यहां तक कहा कि वे हमें जितना दबाने की कोशिश करेंगे, पीटीआई को उतना ही अधिक समर्थन मिलेगा। उनका कोई स्वार्थ नहीं है और वह नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना जैसे नेताओं के नक्शेकदम पर चलेंगे। इमरान खान ने कहा कि मैं राजनीति में करियर बनाने नहीं आया। न ही किसी को करियर बनाने की सलाह देता हूं। उनका मानना है कि राजनीति सबसे खराब करियर है। राजनीति का एक मकसद होता है। नेल्सन मंडेला, महात्मा गांधी, जिन्ना जैसे लोगों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। वे निःस्वार्थ सेवक हैं। इसलिए वे मुझे प्रेरित करते हैं। उन्होंने कभी सत्ता नहीं चाही। वे एक लक्ष्य के लिए लड़े हैं। इमरान ने विश्वास जताया कि जब भी चुनाव आएगा पीटीआई की जीत होगी। गौरतलब है कि पिछले साल सत्ता से बाहर होने के बाद से मौजूदा शहबाज सरकार ने इमरान के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं।

# एससीओ समिट में पुतिन ने बाहरी ताकतों से रूस को बताया खतरा

### -मोदी और जिनपिंग को वैगनर विद्रोह के बाद पूरी तरह से कंट्रोल का दिया भरोसा

**मॉस्को (एजेंसी)।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रमुखों की परिषद की 23वीं बैठक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि कुछ बाहरी ताकतों से रूस को खतरा हो सकता है, हालांकि रूसी समाज ने सशस्त्र विद्रोह की कोशिशों के खिलाफ एकजुटता दिखाई है और लोगों ने देश की सुरक्षा को लेकर अपनी जवाबदेही का प्रदर्शन किया है। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल ही में रूस में प्राइवेट आर्मी वैग्नर ग्रुप ने मास्को के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। हालांकि, पुतिन के खिलाफ यह बगावत कुछ ही समय तक टिक सकी। इस घटना के बाद किसी बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पुतिन की यह पहली उपस्थिति थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रमुखों की बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष के बारे में कहा कि बाहरी ताकतें



हमारी सीमाओं के पास परियोजनाएं चला रही हैं ताकि रूस की सुरक्षा को खतरे में डाला जा सके। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि पिछले आठ वर्षों से हथियारों की खेप भेजी जा रही है, डोनबास में शांतिप्रिय लोगों के खिलाफ आक्रामकता हो रही है जो नवनाजीवाद की तरह है।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूसी लोग पहले से अधिक एकजुट हैं। देश की खातिर एकजुटता और उच्च जिम्मेदारी का साफ तौर पर प्रदर्शन किया गया और सशस्त्र विद्रोह के खिलाफ पूरे समाज ने एकजुटता दिखाई। एससीओ की बैठक में पुतिन ने कहा, इस अवसर पर मैं एससीओ के अपने सहयोगी देशों के सदस्यों को संवैधानिक व्यवस्था, जानमाल और नागरिकों की सुरक्षा करने में रूसी नेतृत्व का समर्थन करने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि सभी एससीओ सदस्य देशों के साथ निर्यात लेनदेन में रूस की राष्ट्रीय मुद्रा की हिस्सेदारी वर्ष 2022 में 40 प्रतिशत से अधिक रही। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि एससीओ सही अर्थों में न्यायपूर्ण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था सृजित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने एससीओ से आगे भी सहयोग की अपेक्षा की है।

## समंदर में जहरीला पानी छोड़ेगा जापान, फिर क्यों यूएन की एजेंसी से मिल गई मंजूरी?

जापान को फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से प्रशांत महासागर में अपशिष्ट जल छोड़ने की अपनी योजना को आगे बढ़ाने के लिए 4 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र निगरानी संस्था की मंजूरी मिल गई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, प्रस्ताव का समर्थन करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि इस डिस्चार्ज का लोगों और पर्यावरण पर नगण्य रेडियोलॉजिकल प्रभाव पड़ेगा ।जापान नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने कहा कि वह इस संबंध में किसी भी चिंता को दूर करने का प्रयास करेंगे ।रॉयटर्स ने ग्रॉसी के हवाले से कहा कि आईएईए की साइट पर निरंतर उपस्थिति रहेगी, अगर योजना आगे बढ़ती है तो हम समीक्षा जारी रखेंगे क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं कि यह सरकार का निर्णय है।

# चीन ने दुनिया में किए सबसे अधिक साइबर हमले, अमेरिका दूसरे नंबर पर, अब क्यों दे रहा वैश्विक डेटा सुरक्षा पर ध्यान?

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** साल 2013 यानी वो वर्ष जब राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वन बेल्ट वन रोड (ओबीओआर) पहल की घोषणा की। जिसके बाद चीन ने कई पहल शुरू की हैं। 8 सितंबर 2020 को बीजिंग ने डेटा सुरक्षा पर वैश्विक पहल (जीआईडीएस) शुरू की। सितंबर 2021 में वैश्विक विकास पहल का अनावरण किया गया। अप्रैल 2022 में शी ने एशिया के लिए बोआओ फोरम के दौरान वैश्विक सुरक्षा पहल (जीएसआई) की घोषणा की। इस साल 16 मार्च को चीन ने वैश्विक सभ्यता पहल शुरू की। जिनपिंग की वन बेल्ट वन रोड ने काफी और परियोजनाओं के मुकाबले काफी ज्यादा लाइमलाइट बटोरी हैं। इसके वनस्पद जीआईडीएस पर सबसे कम ध्यान दिया गया। इसका श्रेय चीन द्वारा इस पर खर्च किए गए तुलनात्मक रूप से कम प्रयास को दिया जा सकता है। लेकिन चीन पर नजर रखने वाले इस बात से सहमत होंगे कि बीजिंग एक बार वहां कुछ कर देता है, तो वह हमेशा के लिए होता है। इसका एक उदाहरण द्वितीय द्वीप श्रृंखला पर चीन का दावा है। पिछले कुछ समय से यह चर्चा से गायब हो गया है। हाल ही में प्रशांत द्वीप देशों पर चीन के बढ़ते फोकस को उन देशों को ताइवान से दूर करने के अलावा, उस दावे के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है।

**एक अल्टरनेट सिक्योरिटी ऑर्किटेक्चर बनाने पर विचार :** व्यक्तिगत रूप से देखने पर ये सभी पहलें अहानिकर लगती हैं और ये अकेली हैं। यदि एक साथ विश्लेषण किया जाए, तो वे संकेत देते हैं कि चीन एक अल्टरनेट सिक्योरिटी ऑर्किटेक्चर बनाने पर विचार कर रहा है। इसे समझने के लिए इन पहलों को गंभीरता से देखने की और उनके बीच के कॉमन फैक्टर को तलाशना होगा। जीआईडीएस के लिए छह और आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) कंपनियों के लिए दो प्रस्ताव रखा गया। पहले प्रस्ताव में कहा गया है कि उन्हें साक्ष्य-आधारित तरीके से डेटा सिक्योरिटी को संभालना चाहिए और वैश्विक आईसीटी उत्पादों और सेवाओं की एक सुरक्षित और स्थिर सप्लाई चेन बनाए रखनी चाहिए। यह प्रस्ताव उन चुनौतियों से उपजा प्रतीत होता है जिनका चीन की कंपनियों को विदेशों में सामना करना पड़ रहा है, सुरक्षा और रणनीतिक चिंताओं पर चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाना और अर्धचालकों के लिए प्रौद्योगिकी से इनकार करने से खुद को बचाना।

**चीन साइबर हमलों के प्रमुख पीड़ितों में से एक :** दूसरे प्रस्ताव में कहा गया है कि राज्यों को आईसीटी गतिविधियों के खिलाफ खड़ा होना चाहिए जो अन्य देशों के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण डेटा को खराब करते हैं या चुराते हैं या उन गतिविधियों को संचालित करने के लिए डेटा का उपयोग करते हैं जो अन्य राज्यों की राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक हितों को कमजोर करते हैं। यह प्रस्ताव साइबर जासूसी का दोष अन्य देशों पर मढ़ने या चीन द्वारा रक्षात्मक खेल खेलने के लिए लगता है। 2 जून को जारी एडवांस्ड एनालिटिक्स ग्रुप की रिपोर्ट बताती है कि चीन साइबर हमलों के प्रमुख पीड़ितों में से एक है। 2022 की दूसरी और तीसरी तिमाही के बीच, चीन में डेटा उल्लंघन में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई (4852 प्रतिशत, 14,157,775 खातों का उल्लंघन)। दूसरी ओर, साइबरप्रूफ रिपोर्ट (जनवरी 2022) के अनुसार, चीन ने दुनिया के 18.83 प्रतिशत साइबर हमले किए और अमेरिका 17.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यह संभवतः वही काटने का मामला है जो आप बोएंगे।

# क्या प्रदेश प्रभारी चंदन यादव के कोरिया प्रवास के दौरान विधायक के मंसूबे में फिरा पानी,दूसरे गुट ने संभाला मोर्चा ?

## प्रदेश प्रभारी के स्वागत के लिए विधायक गुट ने पटना आदर्श चौक का स्थान सुनिश्चित किया था पर 100 मीटर पहले ही दूसरे गुट ने कर दिया स्वागत

- » पटना में स्वागत कार्यक्रम भी हुआ हाईजेक,तय स्थान से पूर्व ही एक गुट ने किया पहले ही स्वागत
- » पटना के स्वागत कार्यक्रम में विधायक को भी होना था शामिल और गुटबाजी की वजह से स्थान बदला विधायक बनाई दूरी
- » प्रदेश प्रभारी चंदन यादव के कोरिया प्रवास के दौरान कई गुटों में कांग्रेसजनों ने उनसे की मुलाकात
- » पटना में तय जगह स्वागत करने नहीं पहुंची विधायक,तय जगह से पूर्व हुए स्वागत को लेकर हुईं नाराज,सूत्र
- » विधायक गुट ने जहां अलग से की मुलाकात वहीं अन्य कांग्रेसजनो ने भी विधायक से अलग जाकर की मुलाकात
- » अलग अलग मुलाकात के पीछे अपनी अपनी दावेदारी भी विधायक से नाराजगी भी रहा मुद्दा,सूत्र
- » अलग अलग मुलाकात करने वालों के साथ उनके समर्थक ही रहे मौजूद
- » विधायक गुट से ज्यादा कांग्रेसियों ने किया अलग से की मुलाकात

-रवि सिंह-

**कोरिया/बैकुंठपुर, 05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** इस समय कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है विधायक गुट अलग चल रहा है तो संगठन गुट अलग है कुछ ऐसा ही गुटबाजी प्रदेश प्रभारी चंदन यादव के आगमन पर भी देखा गया, अंबिकापुर की ओर से आ रहे प्रदेश प्रभारी चंदन यादव के स्वागत के लिए एक दिन पहले विधायक गुट द्वारा आदर्श चौक पर स्वागत करने का स्थान सुनिश्चित किया था, जिसकी तैयारी भी हो रही थी पर जिस दिन उन्हें आना था उस दिन उस स्थल से 100 मीटर पहले ही यवत सिंह के घर के सामने प्रदेश प्रभारी चंदन यादव का स्वागत दूसरे गुट ने कर दिया, जिसके बाद आदर्श चौक पर खड़े कांग्रेसी को भी वही आना पड़ा पर विधायक वहां आने से मना कर दी ऐसा सूत्रों का कहना है, जबकि पहले तय था कि पटना आदर्श चौक पर कार्यक्रम होगा तो वह विधायक भी मौजूद होंगी पर विधायक के मंसूबों पर पानी फिरा दूसरे गुट ने मोर्चा को संभाल कर प्रभारी चंदन यादव का भव्य स्वागत कर दिया, इसका एहसास शायद प्रदेश प्रभारी चंदन गुप्ता को भी हुआ होगा?

ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस सत्ता में आने के लिए अभी से अपना प्रयास जारी कर चुकी है वहीं इसी क्रम में अब नेताओं का दौरा भी प्रत्येक जिला और विधानसभा में जारी है। नेताओं का दौरा प्रत्येक विधानसभा और प्रत्येक जिलों में हो रहा है और यह वह नेता हैं जिनके पास या तो संगठन का कोई महत्वपूर्ण पद है या वह किसी आयोग या किसी महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी है जिनमे जाती समाज सहित समुदाय से जुड़े आयोगों के अध्यक्षों का भी दौरा जारी है जो अपने अपने प्रभाव का असर डालने प्रत्येक जगह पहुंच रहे हैं और कांग्रेसजनो से मुलाकात कर उन्हें पार्टी को दोबारा सत्ता में लाने प्रेरित कर रहें हैं। मुख्यमंत्री साथ ही सभी मंत्री पहले से ही अपने अपने प्रयास में लगे हुए हैं और अब अन्य नेताओं के दौरों से माहौल बिल्कुल चुनावी नजर आने लगा है और सत्ता की चिंता में सभी नजर भी आने लगे हैं।







### समर्थकों के साथ लोकप्रियता साबित करने दावेदारों को नेताओं के सामने काफी सक्रिय देखा जा रहा है

जिस तरह नेताओं का दौरा सत्ता की वापसी को लेकर जारी है उसी तरह प्रत्येक विधानसभा में आगामी चुनाव के लिए दावेदारों की भी सक्रियता बढ़ी हुई है और जो भी खुद को दावेदार मानता है या दावेदारी चाहता है वह प्रत्येक नेता के आगमन पर उपस्थित हो रहा है और अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है। अपने समर्थकों के साथ अपनी लोकप्रियता साबित करने दावेदारों को नेताओं के सामने काफी सक्रिय देखा जा रहा है। ऐसा ही कोरिया जिले में तब भी देखने को मिला जब राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस पार्टी साथ ही प्रदेश प्रभारी चंदन यादव का कोरिया जिला दौरा हुआ और वहां उनका कांग्रेस के ही नेताओं ने अलग अलग स्वागत किया और मुलाकात भी अलग अलग जाकर उन्होंने उनसे की। विधायक गुट जो की बिल्कुल अलग जाकर मिला वहीं कुछ अन्य दावेदारों ने भी अपने समर्थकों के साथ जाकर मुलाकात की वहीं कुछ ऐसे भी कांग्रेसी मुलाकात करने पहुंचे जिन्हे दावेदारी तो नहीं करनी थी लेकिन उनकी व्यथा उपेक्षा को लेकर थी जो उन्होंने जाकर बताई।

### स्वागत कार्यक्रम भी हुआ हाईजेक,विधायक से पहले ही अलग गुट ने किया स्वागत

प्रदेश प्रभारी जो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट करने आए थे उनका पहला स्वागत कार्यक्रम ही कोरिया जिले में हाईजेक हो गया और विधायक सहित अन्य कांग्रेसजनों ने जहां स्वागत की तैयारी की थी उससे पहले ही कुछ दूर पहले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवम पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष यवत सिंह के नेतृत्व में प्रदेश प्रभारी का स्वागत कर दिया गया। बताया जा रहा है की प्रदेश प्रभारी चंदन यादव का जिले में पहला स्वागत पटना के आदर्श चौक में किया जाना था जहां विधायक और उनके समर्थक स्वागत करने पहुंचने वाले थे लेकिन आदर्श चौक से पहले ही पूर्व जिला पंचायत एवम पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर के सामने जो की आदर्श चौक से कुछ ही दूरी पर स्थित है वहां स्वागत किया गया जहां विधायक गुट से अलग कांग्रेसजनों ने प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में भीड़ भी काफी देखी गई।

### स्वागत कार्यक्रम हाइजेक होने से विधायक हुईं नाराज, नहीं पहुंची पटना,बैकुंठपुर में किया स्वागत,सूत्र

पटना में तय स्वागत कार्यक्रम हाइजेक किए जाने से विधायक नाराज हुईं यह सूत्रों का कहना है वहीं यह भी बताया जा रहा है की कार्यक्रम हाइजेक होने के कारण वह पटना नहीं पहुंची और तय स्वागत कार्यक्रम जो आदर्श चौक में होना था वह स्थगित कर दिया गया वहीं विधायक गुट ने सीधे बैकुंठपुर में स्वागत किया।

### पटना में स्वागत के दौरान लगे यवत सिंह जिंदाबाद के नारे

बताया यह भी जा रहा है की पटना में स्वागत करने के दौरान यवत सिंह जिंदाबाद के नारे भी लगे। यवत सिंह जो विधायक से काफी दूरी बनाकर चल रहें हैं और सक्रिय राजनीति से बिल्कुल दूर नजर आने लगे थे उनके एकाएक सक्रिय होने से उनके समर्थक भी काफी उत्साहित दिखे और उनके जिंदाबाद के नारे लगाए।

### आदिवासी कद्दावर नेता विधायक से दूर नजर आए

प्रदेश प्रभारी के कार्यक्रम में आदिवासी कद्दावर नेता क्षेत्रीय विधायक से दूर ही नजर आए और उनके समर्थन में किसी भी कद्दावर आदिवासी नेता को नहीं देखा गया। वैसे वर्तमान विधायक के अभी तक के कार्यकाल में पटना क्षेत्र के कद्दावर आदिवासी नेता खुद को उपेक्षित ही मानते चले आ रहें हैं और इसकी ही बानगी देखने को मिली यह माना जा रहा है।

### बैकुंठपुर विश्रामगृह में भी अलग अलग गुटों में कांग्रेसजनों ने प्रदेश प्रभारी से की मुलाकात

विश्राम गृह बैकुंठपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी चंदन यादव से बैकुंठपुर के कांग्रेसजनों ने अलग अलग गुटों में मुलाकात की और अपनी अपनी बात रखी। विधायक गुट जहां अलग से मिलने पहुंचा वहीं कुछ अन्य दावेदारों ने अपनी दावेदारी को लेकर अलग से मुलाकात की वैसे बताया जा रहा है की कुछ ने न तो दावेदारी की और न विधायक का ही समर्थन किया और अपना ही दुखड़ा जो उपेक्षा को लेकर था को लेकर वह पहुंचे और प्रदेश प्रभारी को उससे अवगत कराया।

### पटना क्षेत्र में विधायक नहीं जमा पा रहीं हैं पैठ,लगातार क्षेत्र के कांग्रेसजनो से बढ़ रही है दूरी

बैकुंठपुर विधायक चाह कर भी पटना क्षेत्र में पैठ नहीं जमा पा रहीं हैं और वह क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को अपने समर्थन में नहीं ला पा रहीं हैं। यही वजह है की प्रदेश प्रभारी का स्वागत कार्यक्रम विधायक के द्वारा तय किए गए कार्यक्रम से पूर्व ही किया गया जहां विधायक न हीं पहुंची न ही उन्हे बुलाया गया।

### प्रदेश प्रभारी के कार्यक्रम से तय हुआ,विधायक के लिए आसान नहीं हैं आगामी चुनाव

प्रदेश प्रभारी के कोरिया दौरे के दौरान जो कुछ बैकुंठपुर में देखा गया उसको देखकर यही कहा जा सकता है की विधायक के लिए आगामी चुनाव आसान नहीं है। कई गुटों में बंटे कांग्रेसियों को विधायक ने न तो कभी एक करने की कोशिश की और नहीं लगता है की अब इतने कम समय में वह एक होंगे भी ऐसे में आगामी चुनाव विधायक के लिए विपरीत परिस्थितियों वाला होगा। पिछले चुनाव में तो विरोधी लहर का फायदा मिला था और उनकी जीत सुनिश्चित हुई थी आसानी से लेकिन इस बार विरोधी लहर उन्ही के पक्ष में है और पार्टी में भी गुटबाजी चरम पर है अब कैसे उनका होगा बेड़ा पार यह देखने वाली बात होगी।

---

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी को लिखा पत्र

-संवाददाता-

**बैकुंठपुर,05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े ने 3 जुलाई को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिसटीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बैकुंठपुर जिला कोरिया के अधीक्षक अभियंता को पत्र लिखकर बिजली की समस्या से अवगत कराया, उन्होंने पत्र में लिखा कि जिले में बिजली की समस्या काफी है जिसे तत्काल दूर किया जाए, उन्होंने बिजली की समस्या के तहत विवरण लिखते हुए कहा कि ग्राम पंचायत- सागरपुर, पोस्ट- पोड़ी बचरा में बिजली का पुनः सर्वे कराकर छूट गए बस्तियों जैसे नालापारा,पहाड़पारा व झंजकीपारा में बिजली की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ग्राम पंचायत गेजी पोस्ट पोड़ी बचरा बस्ती टिकरापारा, बारी, खुटरापारा में तीन ट्रांसफार्मर खराब है वह भी विगत 8



महीनों से, ग्राम पंचायत टेडमा पोस्ट पोड़ी बचरा, पंडो बस्ती दो ट्रांसफार्मर खराब है गोल्हाघाट का ट्रांसफॉर्मर खराब है तेंदुआ कूड़ेली बस्ती गोठियापारा 5 विद्युत के खंभे टूटे हुए हैं जिस वजह से कई गांव में बिजली की काफी समस्या है और इस उमस भरी गर्मी में लोग हलकान हैं जिसे लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री भईया लाला राजवाड़े ने कहा है कि तत्काल इस पर संज्ञान लें और इन समस्याओं से लोगों को निजात दिलाया जाए।

---

# गुरुपूर्णिमा पर श्री राम मंदिर में गुरु पूजन महोत्सव का हुआ आयोजन

-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ़,05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** गुरुपूर्णिमा पर्व पर श्री राम मंदिर में गुरु पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपने गुरु पं. ओम नारायण द्विवेदी की पूजा कर आशीर्वाद ग्रहण किया, इस अवसर पर महंत श्री ओम नारायण द्विवेदी ने बताया कि दीक्षा शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के 'दक्ष' शब्द से हुई है, जिसका अर्थ है कुशल होना। इसका दूसरा स्त्रोत दीक्ष शब्द है जिसका अर्थ है समर्पण। दीक्षा का सम्पूर्ण अर्थ हुआ स्वयं का विस्तार। उन्होंने बताया कि दीक्षा द्वारा शिष्य में यह सामर्थ्य उत्पन्न होता है कि गुरु से प्राप्त ऊर्जा द्वारा शिष्य के अंदर आतंरिक ज्योति प्रज्ज्वलित होती है। जिसके प्रकाश में वह अपने अस्तित्व के उद्देश्य को देख पाने में सक्षम होता है। दीक्षा से अपूर्णता का नाश और आत्मा की शुद्धि होती है।उन्होंने कहा कि गुरु का ईश्वर से साक्षात सम्बन्ध होता है। ऐसा गुरु जब अपनी आध्यात्मिक-प्राणिक ऊर्जा का कुछ अंश एक समर्पित शिष्य को हस्तांतरित करता है तो यह प्रक्रिया गुरु दीक्षा कहलाती है। यह आध्यात्मिक यात्रा की सबसे प्रारम्भिक सीढ़ी है। गुरु दीक्षा के उपरान्त गुरु और शिष्य दोनों का उत्तरदायित्व बढ़ जाता है। गुरु का उत्तरदायित्व समस्त बाधाओं को दूर करते हुए शिष्य को आध्यात्मिकता की चरम सीमा पर पहुंचाना होता है। वहीं शिष्य का उत्तरदायित्व हर परिस्थिति में गुरु द्वारा बताये गए नियमों का पालन करना होता है। गुरु की चेतना ईश्वर से निरंतर संयुक्त रहने के कारण ईश्वर तुल्य होती है। जबकि साधारण मनुष्य की चेतना संसार से जुड़ी रहने के कारण वाह्यमुखी और अधोगामी होती है। चेतना के वाह्य मुखी और अधोगामी होने के कारण ईश्वर से हमारा सम्पर्क टूट जाता है। जिसके कारण अविद्या का प्रभाव बढ़ जाता है। गुरु को प्रकृति और ईश्वर के नियमों का ज्ञान होने के कारण उनमें अज्ञानता के भंवर से निकलने की क्षमता होती है। वह शिष्य को धीरे-धीरे ज्ञान देकर, कर्मों की गति सही करवाकर और सामर्थ्य की वृद्धि करवाकर अज्ञान के इस भंवर से निकाल कर ईश्वर से सम्बन्ध स्थापित करवा देते हैं। इसके पूर्व में मार्केट स्थित श्री राम मंदिर में स्थापित भगवान की मूर्ति की सोमवार प्रातः 8 बजे पूजा आरती करके गुरु पूर्णिमा पर पूजा एवं चातुर्मास अनुष्ठान का शुभारम्भ हुआ। इसके साथ ही जिले के तमाम साधु-सन्यासियों के आश्रमों में गुरू पूर्णिमा पर दूर-दूर से भक्त अपने गुरूजनों का आशीर्वाद लेने पहुंचे।



---




# लायंस क्लब का शपथ ग्रहण संपन्न

-संवाददाता-

**मनेन्द्रगढ,05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** रविवार की सुहानी शाम को स्थानीय हसदेव इन होटल में लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ एवं लायंस क्लब प्राइड का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रभा पटेल (नगर पालिका अध्यक्ष) एवं लायन दीपक सोनी (रीजन चेयरमैन ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शपथ अधिकारी पूर्व प्रांतपाल प्रीतपाल बाली जी ने बड़े ही रोचक तरीके से शपथ प्रकिया को संपन्न कराई गई। लायंस क्लब मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष लायन डा एस के आचार्या सचिव लायन कृष्णकांत ताम्रकार कोषाध्यक्ष लायन मुकेश अग्रवाल उपाध्यक्ष ला दीपक अग्रवाल , ला निरंजन अग्रवाल , ला जितेश चावड़ा पी आर ओ ला शैलेश जैन टेमर ला नीरज अग्रवाल ट्विस्टर ला. विवेक जयसवाल सह सचिव ला पियूष अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष ला . पंकज अग्रवाल तथा लायंस क्लब प्राइड के अध्यक्ष ला. सिम्मी जैन, उपाध्यक्ष क्रमशः ला. तोशी अग्रवाल, ला. वर्षा गोयल, ला. पूनम सिंह सचिव ला. ममता राणा, सह सचिव ला. अंशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ला. पूजा श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष ला. मीना बंसल, पीआरओ ला. रजनी अग्रवाल और अतिरिक्त विभिन्न कमेटियों और संचालक मंडल को शपथ दिलाई गई।

---

# क्या छत्तीसगढ़ के विधानसभा क्रमांक 2 में विनय का विकल्प विनय होंगे ?

- » सरगुजा संभाग में विधायक प्रत्याशी चुनने का अधिकार क्षेत्र टी एस सिंह देव के पास रहेगा:सूत्र
- » विनय जायसवाल का टिकट कटने की संभावना अधिक है ऐसे में विनय उपाध्याय विकल्प हो सकते हैं:सूत्र
- » कांग्रेस नए चेहरे पर दाव लगाएगी जैसा विधानसभा क्रमांक 2 व 3 में पिछले चुनाव में लगा चुकी हैं ?

-रवि सिंह-

**मनेन्द्रगढ़/चिरमिरी,05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** विधानसभा चुनाव में बहुत कम दिन बचे हुए हैं और आगामी विधानसभा की तैयारी भी अंदर खाने में शुरू हो चुकी है, विधानसभा चुनाव के लिए 4 महीने से भी कम समय बचा हुआ है, भारतीय जनता पार्टी से लेकर सत्ता दल कांग्रेस पूरे दमखम के साथ 2023 विधानसभा चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस जहां दोबारा सत्ता में आने का प्रयास करेगी तो वहीं भाजपा अपनी सत्ता में वापसी की तलाश में होगी, भाजपा की वापसी हो इसके लिए केंद्रीय मंत्रियों द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ में दौरा भी किया जा रहा है पर हम बात करेंगे सरगुजा संभाग की जहां महाराजा साहब टी एस सिंहदेव को सत्ताधारी दल कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री बनाया है जो चुनाव से ठीक पहले एक जिम्मेदारी दी गई है और उन्हे छत्तीसगढ़ के 45 सीटों में कांग्रेस पार्टी के लिए प्रत्याशी चुनने का अधिकार क्षेत्र भी दिया गया है ऐसा सूत्रों का मानना है, ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि महाराजा साहब यदि 45 सीटों में प्रत्याशी चुनते हैं तो फिर सरगुजा संभाग के कुछ वर्तमान विधायकों के टिकट कट सकते हैं, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें से अविभाजित कोरिया का विधानसभा क्रमांक 2 मनेंद्रगढ़ ज्यादा चर्चा में है ऐसा माना जा रहा है कि मनेंद्रगढ़ विधानसभा में प्रत्याशी बदलना तय माना जा रहा है, ऐसे में इस समय जो सुगबुगाहट सुनाई दे रही है उसके अनुसार विनय जयसवाल जो आज वर्तमान विधायक हैं उनके जगह विनय उपाध्याय को मौका दिया जा सकता है, इसलिए यह कयास लगाया जा रहा है कि विनय का विकल्प कांग्रेस में विनय हो सकते हैं, इसके पीछे का तथ्य यह है कि विनय जायसवाल की परफॉर्मेंस काफी खराब मानी जा रही है और वहीं कांग्रेस उन पर दांव खेलने का जोखिम नहीं लेगी, इस वजह से टिकट की जिम्मा भी महाराजा साहब के पास है ऐसे में महाराजा साहब के खास माने जाने वाले विनय उपाध्याय पर दाव खेला जा सकता है वैसे राजनीति में विनय उपाध्याय ज्यादा सक्रिय नहीं है पर इनका जन सरोकार स्वच्छ व अच्छा है जिसका फायदा कांग्रेस को मिल सकता है वही पिछले चुनाव के मुताबिक एक साफ सुथरा चेहरा भी कांग्रेस विनय उपाध्याय के तौर पर दे सकती है।




### टी एस सिंह देव के खास है विनय उपाध्याय

चिरमिरी निवासी व्यवसाई विनय उपाध्याय टी एस सिंहदेव के काफी खास माने जाते हैं। विनय उपाध्याय व्यवसाय क्षेत्र में काफी सफल हैं और उनका जन संपर्क भी अच्छा है। वहीं विनय उपाध्याय स्वक्ष छवि के भी व्यक्तित्व के धनी हैं। विनय उपाध्याय विधानसभा क्रमांक 2 के लिए इसीलिए टी एस सिंहदेव की पसंद हो सकते हैं।

### महाराजा साहब को जिम्मेदारी मिलने से सरगुजा संभाग के कुछ विधायक टिकट कटने के डर में देखे जा रहे हैं

टी एस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री बनाए जाने से साथ ही उन्हे जैसा सूत्रों का कहना है की 45 सीटों पर उम्मीदवार भी तय करने की जिम्मेदारी मिली हुई है से कांग्रेस के सरगुजा संभाग के ही कुछ वर्तमान विधायकों को टिकट कटने का डर सता रहा है। माना जा रहा है की टी एस सिंहदेव उन्हीं विधायकों को दोबारा मौका देने का मन बनाएंगे जिनका परफोर्मेंस अभी तक अच्छा है और इसीलिए विधायक खेमें में डर का माहौल है।

### कांग्रेस के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं विनय उपाध्याय

विधानसभा क्रमांक 2 में कांग्रेस पार्टी के लिए विनय उपाध्याय अच्छा विकल्प हो सकते हैं। साफ सुथरी छवि साथ ही एक सफल व्यवसाई की उनकी ख्याति पार्टी को जीत दिला सकती है वहीं वर्तमान विधायक का खिसकता हुआ जनाधार पार्टी के लिए चुनाव में उन्हे उम्मीदवार बनाए जाने से नुकसान पहुंचा सकता है क्योंकि निगम सहित विधानसभा की दो दो जिम्मेदारी मिलने के बाद भी क्षेत्र में उपलब्धि के नाम पर कुछ खास दिखा नहीं विधायक के कार्यकाल में।

### वर्तमान विधायक को रिपीट करना भारी पड़ सकता है कांग्रेस को ?

वर्तमान विधायक जिनका जनाधार काफी खिसक चुका है साथ ही जिनके ऊपर कई आरोप भी लग चुके हैं को टिकट देना कांग्रेस को भारी पड़ सकता है और पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्तमान विधायक पर चुनाव के दौरान स्वेक्षानुदान को लेकर भी विपक्ष हावी होगा जो उन्होंने अपने चहेतों को ही मात्र दिया है जो पार्टी के लिए नुकसान वाला साबित होगा।

### क्या वाकई में बाबा के पास है छत्तीसगढ़ के 45 विधानसभा की जिम्मेदारी ?

सूत्रों की माने तो टी एस सिंहदेव को केवल उप मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया है उन्हे साथ ही साथ 45 सीटों पर प्रत्यासी चयन करने का अधिकार भी दिया गया है। अब इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो आने वाला समय तय करेगा लेकिन बाबा का बढ़ा हुआ कद सरगुजा के कुछ विधायकों के लिए मन ही मन उदास करने वाला है यह कहना गलत नहीं होगा।

C M Y K

# लोगों के जान मॉल की सुरक्षा को दरकिनार कर तोड़ा गया डिवाइडर

## सिटी हॉस्पिटल एवं बीजेपी पार्षद के आवेदन पर नेता प्रतिपक्ष के पेट्रोल पंप के सामने बने डिवाईडर को ही क्यों तुड़वाया गया ?

-राजा मुखर्जी-

कोरबा, 05 जुलाई 2023

**(घटती-घटना)।** नगर निगम द्वारा कोरबा शहर के बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए मुख्य मार्गो को दो भागों में विभाजित करते हुए मुख्य मार्ग के बीच में कोरबा आईटीआई चौक से लेकर कोरबा ओवरब्रिज तक डिवाइडर का निर्माण सौंदर्य एवं ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के दृष्टि से बनाया गया है । इसी कड़ी में निहारिका सुभाष चौक से लेकर निर्मला स्कूल चौक के बीच नवनिर्मित पेट्रोल पंप के सामने बने डिवाइडर को बीते दिनों रात के अंधेरे में निगम द्वारा तोड़ दिया गया जिसे देख शहर के लोगों में यह प्रश्न उठने लगा है के एक तरफ प्रशासन और नगर निगम सड़क सुरक्षा की बात करते है और दूसरी तरफ रात के अंधेरे में इन डिवाइडर को तोड़ा जाता है,तो क्या कोरबा के रहवासियों की जान इतनी सस्ती हो गई है के जनविरोध से बचने के लिए रात के अंधेरे का सहारा लिया गया । यदि लिया गया तो जन सुरक्षा को दरकिनार कर आदेश दिया कौन ? साथ ही डिवाइडर के हटने से होने वाले दुर्घटना का जिम्मेदार होगा कौन ?

### निगम अधिकारी ने डिवाइडर तोड़ने का ठीकरा फोड़ा पार्षद और हॉस्पिटल संचालक पर

इस विषय पर निगम के अधिकारी से पूछे जाने पर कहा के निगम के पार्षद एवं सिटी हॉस्पिटल के संचालक ने आवेदन कर मांग की थी कि लोगों के आने जाने के लिए डिवाइडर को हटाया जाए जिसपर यह कदम उठाया गया है द्य यदि यही कारण है तो क्या हर गली मोहल्लों की तरफ जाने वाले रास्तों के सामने बने डिवाइडर को तोड़ा जाएगा ?

### छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना ने मामले में नेता प्रतिपक्ष पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जनता की जान मॉल के खतरे को देखते हुए इसका विरोध किया साथ ही



निगम के अधिकारियों को कहा है के जल्द से जल्द इसे पुनः बनाया जाए अन्यथा आंदोलन का रुख अपनाया जाएगा । उन्होंने भाजपा नेता हितानंद अग्रवाल पर एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा नेता हितानंद अग्रवाल ने कोसा बाड़ी में संचालित अपने पेट्रोल पंप के लिए रास्ता बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम के द्वारा लोगों की सुरक्षा के लिहाज से बनाए गए सड़क डिवाइडर को रातों-रात तोड़कर आने जाने वाले लोगों की जान को जोखिम में डालकर दुर्घटनाओं की आशंका को और ज्यादा बढ़ा दिया है ऐसे में शहर के चर्चित भाजपा नेता की दबंगई, जन चर्चा का विषय भी बना हुआ है कि आखिरकार कांग्रेस के राज में भाजपा नेता हितानंद की ऐसी दबंगई वाली कारोबारी करतूतों के क्या मायने हो सकते हैं ।

आपको बता दें कि आए दिन जिले में दुर्घटनाओं से लोगों की जा रही है जान इसके बावजूद इस तरह से डिवाइडर का तोड़ा जाना कहीं पेट्रोल पंप संचालक को लाभ पहुंचाना तो नहीं , क्योंकि आवेदन सिटी हॉस्पिटल के संचालक द्वारा दिया गया पर डिवाइडर जहां से जहां तक तोड़ा गया वह सम्पूर्ण क्षेत्र पेट्रोल पंप के सामने का भाग है जो सिटी हॉस्पिटल से काफी दूर है । वहीं लोगों का कहना है की पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर होने से इस पंप में बड़ी गाड़ियों का आवाजाही नही हो पा रहा था जिससे पेट्रोल संचालक को इसका लाभ नही मिलता था जिसके कारण जनता से संबंधित सुरक्षा को दरकिनार कर डिवाइडर को ही हटा दिया गया। वार्ड नंबर 19 एवं 28 के पार्षद द्वारा जो आवेदन दिया गया वह भी समझ से परे है क्योंकि यदि लोगों द्वारा डिवाइडर से घूम कर अपने गंतव्य तक नही पहुंचा जा सकता तो ऐसे में सारे शहरों के डिवाइडर को निगम द्वारा हटाना पर जायेगा ।

ऐसे में प्रश्न यह उठता है के क्या निगम उन संचालकों के भी डिवाइडर तुड़वाने का आवेदनों को स्वीकारेगी जिनके हॉस्पिटल / दुकान / मॉल / रेस्टोरेंट /बैंक के सामने डिवाइडर मौजूद है । अगर स्वीकारती है तो निगम को ट्रांसपोर्ट नगर के कमर्शियल कॉम्प्लेक्स पर भी विचार करना चाहिए क्योंकि यदि कॉम्प्लेक्स के सामने डिवाइडर न होता तो आगजनी के वक्त रेस्क्यू के कार्य को सहूलियत के साथ और अधिक तेजी किया जा सकता था ।

## शासकीय पॉलीटेक्निक में मनाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



-संवाददाता-

**सूरजपुर 05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** शासकीय प्रशिक्षण प्रदाता संस्था शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर, सरनापारा पर्री में जिला प्रशासन, निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री चोल साय चेरवा, एवं श्री रजाक अंसारी, के द्वारा वोटर आई.डी. रजिस्ट्रेशन, वोटर जागरूकता एप्प, अन्य माध्यमों से वोटर आई.डी. में नाम जुड़वाने तथा सभी को मतदान में बढ़चढ़ कर भाग लेने तथा दूसरों को प्रेरित करने के लिए संस्था में अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थियों को वोटर हेल्पलाईन मोबाईल में डाउनलोड कराया गया। साथ ही सभी कार्यरत अधिकारी, कर्मचारीयों को प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य नरेन्द्र कुमार बुआडे, शासकीय पॉलीटेक्निक सूरजपुर एवं रूपेश कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार खाण्डे, गोवर्धन भारद्वाज, तृप्ति लावत्रे एवं अन्य स्टॉफ तथा साथ ही 90 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान निर्वाचन कार्यालय से पवन राठिया, तथा अमित कुमार ठाकुर शामिल थे।

## सुरजपुर में बढ़ते नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग

» **लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व युवा कांग्रेस के प्रेमनगर विधानसभा के उपाध्यक्ष दीपक ने सुरजपुर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा**


-संवाददाता-

सूरजपुर 05 जुलाई 2023

**(घटती-घटना)।** ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि सुरजपुर जिले सहित सुरजपुर विकाशखण्ड के आसपास के विभिन क्षेत्रो में नशे के व्यापारी सक्रिय रूप से फैले हुए है जो लगातार छोटे छोटे स्कूली बच्चो सहित युवाओ को अपनी ओर आकर्षित करते हुए उन्हें नशीली दवाओं जैसे ,कोरेक्स, नशीली इंजेक्शन, टेबलेट इत्यादि नशीली दवाओं के आदि बना रहे है जो समाज के लिए काफी चिंतन का विषय है । जिन युवाओ पर घर परिवार माता पिता ,बहनों को संभालने की जिम्मेदारी होती है वही युवा नशे का आदि होकर खुद को बर्बाद कर रहा है ,इससे सिर्फ युवा ही नही बल्कि उनका पूरा परिवार भी बर्बाद हो जाता है । सूरजपुर विकाशखण्ड के ग्राम-देवनगर में लगभग कुछ ही महीनों पूर्व नशीली



दवाओं इंजेक्शन के सेवन से एक युवा की मौत भी हो गयी थी ,इसके बावजूद जो इंजेक्शन व नशीली दवाओं के माफिया है वो उस क्षेत्रो में बेफिक्री के साथ अपना नशे का कारोबार कर रहे है । धीरे धीरे नशे के कारोबारी क्षेत्र के युवाओ को भी अपने इस नशे के धंधे में शामिल कर उनसे नशीली सामानों का विक्रय करवाते है ,इस तरह ये नशे का कारोबार बड़ी तेजी से युवाओ के बीच पहुंच रहा है और युवाओ को बर्बाद कर रहा है जो काफी चिंता का विषय है । ये व्यापार सिर्फ देवनगर ही नही बल्कि मुख्यालय सूरजपुर के नगर पालिका क्षेत्रो में भी तेजी से सक्रिय है । कई बार इस विषय पर हमने पुलिस प्रशासन को अवगत भी कराया है इसके बावजूद नशे के



INDIAN YOUTH CONGRESS

Deepak Kar
(Social Activist)
Vice President
Assembly 04 Premnagar

Address : Ward No. 05 Shanti Gali, Surajpur Distt.- Surajpur (C.G.)

Date :

अतः श्रीमान जी आपसे आग्रह है कि इन प्रमुख समस्याओं पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान देते हुए नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ ही इन नशे के माफियाओं पर कार्यवाही करने की कृपा करें ।

भवदीय
दीपक कर

कारोबार करने वाले मुख्य माफिया तक पुलिस के हाथ नही पहुंच पाए है । उन्होंने सूरजपुर पुलिस अधीक्षक जी से है इन प्रमुख समस्याओं पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान देते हुए नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ ही इन नशे के माफियाओं पर कार्यवाही करने की मांग की है ।





## राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु नामांकन 15 अक्टूबर तक

-संवाददाता-

**कोरबा,05 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।** भारतीय बाल कल्याण परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक वर्ष बच्चों को बहादुरी के अनुकरणीय कार्यो के लिए राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार प्रदान की जाती है। जिले के ऐसे बालक-बालिका जिनके द्वारा अपनी जान की परवाह किए बगैर दूसरे की जान बचाने हेतु किए गए बहादुरी के अनुकरणीय कार्य से संबंधित नामांकन प्रस्ताव जिला स्तर से आमंत्रित किए गए है।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से मिली जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2023 के पूर्व, भारतीय बाल कल्याण परिषद, नई दिल्ली को प्रेषित किया जाना है। इस हेतु जिले के राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2023 हेतु पात्रता धारी बालक-बालिका आवश्यक अभिलेखों व दस्तावेजों के साथ 15 अक्टूबर 2023 तक वेबसाईट www.iccw.co.in में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही आवेदन की एक प्रति संबंधित परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना समस्त महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा को उपलब्ध कराएं। पुरस्कार एवं आवेदन हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.iccw.co.in में अथवा कार्यालय के सूचना पटल में अवलोकन किया जा सकता है।

## रोक के बाद भी अवैध रेत परिवहन कर रहा टिपर ढेंगुरनाला पुल की रेलिंग से टकराया

-संवाददाता-

कोरबा,05 जुलाई 2023

**(घटती-घटना)।** जिले में 15 जून से अक्टूबर के पहले पखवाड़े तक एनजीटी ने रेत खनन और परिवहन पर रोक लगाई गई है इसके बावजूद विभाग के नाक के नीचे चोरी का खेल चल रहा है जिससे ऐसा मालूम होता है के कोरबा जिले में यह फरमान बेमतलब साबित हो रहा है एवं पूरी रफ्तार से अवैध काम चल रहे हैं। इसी कड़ी में ढेंगुरनाला के पास रेत के अवैध परिवहन में लगा एक भारी वाहन हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना में वाहन चालक घंटो तक स्टेयरिंग में फंसा रहा। काफी प्रयास के बाद उसे वहां से निकाला जा सका। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रशासन के सभी दावों की पोल काफी समय से खुल रही है, जो अवैध कार्यों की रोकथाम से जुड़ी हुई है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रेत का अवैध कारोबार पूरी गति से चल रहा है जिसमें कई सफेदपोश और उनके सहयोगी





जुड़े हुए हैं। बुधवार की तड़के एक भारी वाहन ढेंगुरनाला पुल के पास हादसे का शिकार हो गया। रेत लेकर बालकों की तरफ जा रहा टिपर वाहन संख्या पुल के रेलिंग से जा भिड़ा,जिसके कारण वाहन का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक स्टेयरिंग में फंस गया। घटना होने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर डायल 112 और सिविल लाईन पुलिस भी मौके पर पहुंच वाहन के स्टेयरिंग में फंसे चालक को निकाला गया। कई घंटे वहां दबे रहने से उसकी हालत बिगड़ गई थी। उसे मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है। दुर्घटना करित वाहन रेत तस्कर कादिर खान का बताया जा रहा है, जो लंबे समय से इस काम में जुड़ा हुआ है और अपने कारनामों को लेकर चर्चित भी है। अब देखना होगा विभाग इस मामले में क्या कार्यवाही करती है ?

## विकासखंड स्तरीय रूप से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

-संवाददाता-

कुसमी 05 जुलाई 2023

**(घटती-घटना)।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक चिंतामणी महराज रहे।अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरवात की गई, जहा नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर



मुंह मीठा कराकर उन्हें किताबे दी गई,कार्यक्रम के दौरान बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया,


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज(छ0ग0)

//संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रं. 01//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से भण्डार क्रय नियम 2002 छ0ग0 शासन के नियमानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के नाम पर खुली निविदा दर केआधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत कर्मी/एजेंसी को ही पंजीकरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति दिखाने पर निविदा प्रपत्र विक्रय किया जायेगा। निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं प्रपत्र अ में निम्नानुसार ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0/पु0अ/बल/एसी-1/निविदा/एम/ 1816/2023 — दिनांक 28.06.2023

1. निविदा प्रपत्र बिक्री दिनांक - दिनांक 19.07.2023 के कार्यालयीन समय तक।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक - दिनांक 20.07.2023 को सायं 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - दिनांक 20.07.2023 को सायं 4.00 बजे तक।

| क्र0 | स्थान का नाम | कार्य का नाम | संख्या | प्राप्त बजट आवंटन राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रक्षित केन्द्र बलरामपुर | र.के. बलरामपुर में पुलिस बल ठहरने हेतु 02 नग बैरक निर्माण कार्य। | 02 नग | 1800000 |

नोट :- 1. कार्य के लिये अमानत राशि 54000/- जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00, कार्यावधि 03 माह वर्षाकाल सहित है एवं निविदाकार वर्ग डी एवं उससे अधिक का होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र भारतीय स्टेट बैंक के शाखा में 0055 पुलिस हेड (मिसलेनियस) मे चालान कटा होने पर विक्रय किया जावेगा।
2. शर्ते एवं जानकारी इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त करें।
3. किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति मे पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

पुलिस अधीक्षक
बलरमपुर-रामानुजगंज

जी नंबर-028911/


## संविदा कर्मचारियों के द्वारा भव्य मानव श्रृंखला बनाया गया

» **6 जुलाई को किया जाएगा आमरण अनशन**

-संवाददाता-

सूरजपुर 05 जुलाई 2023

**(घटती-घटना)।** सूरजपुर जिला मुख्यालय के न्यू बस स्टैंड में 3 जुलाई दिन सोमवार से संविदा कर्मचारी ने हड़ताल का आगाज किया. इसके साथ ही नियमितीकरण का नारा बुलंद किया. छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि हमारी सरकार बनते ही 10 दिन में सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दिया जाएगा. सत्ता में आने के बाद अब साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी संविदा कर्मचारी को नियमित नहीं किया गया है जिसे लेकर सभी संविदा कर्मचारियों में भारी आक्रोश है. संविदा कर्मचारियों की हड़ताल पर जाने से कई विभाग के कार्य बंद हो गए हैं और कई विभाग के कार्य प्रभावित हो गए हैं।

### हड़ताल के कारण विभागों के काम रुके

हड़ताल में जाने से स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सड़क योजना, महिला एंव बाल विकास विभागों सहित समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होगा. यह जानकारी सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृजलाल पटेल ने दी है।

### 54 विभाग के कर्मचारी कर रहे आंदोलन

दूसरे राज्यों में संविदा कर्मचारियों के भविष्य को लेकर पाजिटिव निर्णय लिए जा रहे हैं. अंतिम बजट में यदि सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है तो 54 विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी उग्र आंदोलन करेंगे. नियमितिकरण की मांग को लेकर 33 जिले के 45 हजार से अधिक संविदा कर्मचारी सरकारी कामकाज ठप करते हुए हड़ताल पर हैं।

मानव श्रृंखला का आयोजन मीडिया प्रभारी गणेश यादव ने बताया कि आज सूरजपुर जिले के हाई टेक नई बस स्टैंड में छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कर बहुत संख्या में आए









हुए संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण किए गए वादे को याद दिलाने के लिए विशाल संख्या में मानव श्रृंखला बनाया गया।

संविदा कर्मचारी के जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि संविदा कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से जो जनहित को नुकसान एवं हानि हो रही है उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की है संविदा कर्मचारियों का कतापी हड़ताल पर जाने का मंशा नहीं था परंतु विवस होकर संविदा कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल पर जाना पड़ा।

आपको बता दें कि कल 6 जुलाई को कर्मचारियों के द्वारा आमरण अनशन का कार्यक्रम रखा जाएगा। कार्यक्रम में आज संविदा कर्मचारी संघ के महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मिली रानी कर एवं मनरेगा संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, प्रवक्ता मनोज जायसवाल एवं तोपान सिंह दायमा, शैलेंद्र जयसवाल, सुनील मिश्रा एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित थे।


### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202307020700001

**विषयः-ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

**नमनाकला प.ह.न. 00020 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-अन्थ्रेस मिंज ,**
**अनावेदक पक्षकार- कोई नही,**

**ईश्तहार**

आवेदक अन्थ्रेस मिंज आ0 मानुएल मिंज, निवासी नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 611/10 रकबा 0.022 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19.07.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2023 को जारी किया जाता है ।

सील

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)



### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.202307021200009/ अ-20(3)/2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नित्यानन्द शर्मा आ0 व्यकटेकश्वर राम चौबे, उम्र 79 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी-सत्तीपारा अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है, कि उनके सवामित्व व हक की शीट क्रमांक 02, मोहल्ला-सत्तीपारा गनर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 643/2 रकबा 50×44= 2200 वर्गफिट भूमि अभिलेख में दर्ज है। आवेदक नित्यानन्द शर्मा आ0 व्यकटेकश्वर राम चौबे, उम्र- 79 वर्ष, जाति- ब्राम्हण, निवासी-सत्तीपारा, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा उक्त आवेदित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 643/2 रकबा 50×44= 2200 वर्गफिट भूमि को व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण बैंक में बंधक रखने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने बावत आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र, के समर्थन में मेन्टेनेश खसरा, शपथ ,पत्र प्रस्तुत किया गया गया है।

उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यमसे दिनांक 07/08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अल आज दिनांक- 04/7/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया जावेगा।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


CMYK

# ओमान को हराकर नीदरलैंड ने विश्व कप क्वॉलीफिकेशन के लिए बरकरार रखी उम्मीदें




**हरारे ,05 जुलाई 2023।** नीदरलैंड ने एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में ओमान को डकवर्थ लुईस पद्धति से 74 रन से शिकस्त देकर भारत में पांच अक्टूबर से खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। नीदरलैंड ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 48 ओवर में सात विकेट पर 362 रन बनाये। खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय ओमान ने 44 ओवर में छह विकेट पर 246 रन बनाये थे। विश्व कप क्वालीफिकेशन की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके ओमान की टीम इस समय डकवर्थ पद्धति से लक्ष्य से 75 रन पीछे थी। सलामी बल्लेबाजी विक्रमजीत सिंह ने 109 गेंद में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 110 रन बनाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। उन्होंने मैक्स ओ'डौड (35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 117 और दूसरे विकेट के लिए वेसले बरेसी के साथ 80 रन की साझेदारी की। बरेसी ने 65 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और तीन छक्के की मदद से 97 रन बनाये। बैड डे लीडे (19 गेंद में 39 रन) और साकिब जुल्फिकार (17 गेंद में 33 रन) ने भी आक्रामक पारियां खेलकर टीम के स्कोर को 360 के पार पहुंचाया। ओमान के लिए बिलाल खान ने तीन और मोहम्मद नदीम ने दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए अयान खान ने 92 गेंद में नाबाद 105 रन बनाये पर उन्हें ओमान के दूसरे बल्लेबाजों का अच्छा साथ नहीं मिला। दायें हाथ के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 10 ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि तेज गेंदबाज रेयान क्लेन ने दो सफलता हासिल की।

## इंग्लैंड ने तीसरे एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्लेइंग 11 की घोषणा की



**लीड्स,05 जुलाई 2023।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है।
इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, मोईन अली, क्रिस वोक्स और मार्क वुड को टीम में जगह मिली है, जबकि जेम्स एंडरसन और जोश टोंगू को बाहर कर दिया गया है।
लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपना दाहिना कंधा खिसकने के बाद ओली पोप बाकी सीरीज़ से बाहर हो गए हैं।
चोट लगने के कारण मोइन अली दूसरे एशेज टेस्ट में नहीं खेल सके। वह इंग्लिश टीम के लिए अहम होंगे क्योंकि उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी कौशल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावी हैं।
क्रिस वोक्स और मार्क वुड के शामिल होने से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत होने की उम्मीद है।
बेन स्टोक्स की 155 रनों की अविश्वसनीय पारी व्यर्थ गई क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरा एशेज टेस्ट 43 रनों से जीत लिया।
पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया अब 2-0 से आगे है।
इंग्लैंड पुरुष एकादश- जैक क्रॉली, बेन डकेट, हैरी ब्रूक, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), मोइन अली, क्रिस वोक्स, मार्क वुड, ओली रॉबिन्सन और स्टुअर्ट ब्रॉड।

## भारत पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर सौरव गांगुली ने दिया हैरान करने वाला बयान

**नईदिल्ली,05 जुलाई 2023।** भारत आईसीसी विश्व कप 2023 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विश्व कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। इस मुकाबले के महज 10 दिन बाद ही ऐसा मुकाबला होगा जिसका हर क्रिकेट प्रेमी को होता है।
यानी 15 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होने वाला है, जो बेहद हाईवोल्टेज मैच होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले के आयोजन का दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों के अलावा पूरी दुनिया करती है। इस मुकाबले के संबंध में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बड़ा बयान दिया है।
उन्होंने ऐसा बयान दिया है जो बेहद चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले काफी अहम होते हैं। दोनों चिर प्रतिद्वंदी है, जिनके बीच कड़े मुकाबले देखने को मिलते है। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए अधिकतर मुकाबलों में भारत ने जीत हासिल की है। वहीं दोनों ही देशों के बीच होने वाले मुकाबलों को लेकर



दोनों देशों के फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलता है।

### क्वॉलिटी क्रिकेट से हुआ प्रभावित

सौरव गांगुली ने कहा कि दोनों ही देशों के बीच अब क्रिकेट के खेल के स्तर में काफी बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच क्वालिटी क्रिकेट की कमी देखने को मिली है जिस कारण मुकाबले काफी प्रभावित हुए है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान की अपेक्षा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले अधिक अच्छे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत ने टी20 विश्व कप के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था हालांकि एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर सकती है।

### बीसीसीआई को किया आगाह

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने एक दिवसीय विश्व कप 2023 के लिए बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट को भी आगाह किया है। उन्होंने कहा कि अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पर नजर रखनी चाहिए। चहल ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया में आयोजित हुए टी20 विश्वकप में हिस्सा लिया था। हालांकि इस दौरान वो किसी भी मैच में खेल नहीं सके थे। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम इंग्लैंड से हारने के बाद बाहर हो गई थी।

## भारतीय फुटबॉल टीम ने कुवैत को हराकर सैफ चैम्पियनशिप टूर्नामेंट जीती

**बेंगलुरु ,05 जुलाई 2023।** एक बार फिर भारतीय फुटबॉल टीम ने कुवैत को हराकर सैफ चैम्पियनशिप टूर्नामेंट को अपने नाम कर लिया है। इस शानदार जीत का हर कोई जश्न मना रहा है। गोलकीपर गुरप्रीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय फुटबॉल टीम ने सैफ चैंपियनशिप टूर्नामेंट को अपने नाम कर लिया। उसने बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में चार जुलाई को कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी और कुल नौवीं बार खिताब जीत लिया।

### सैफ चैम्पियनशिप में भारत ने 5-4 से मारी बाजी

निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। उसके 30 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम में भी कोई भी टीम दूसरा गोल नहीं कर सकी। ऐसे में मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ। वहां भारत ने 5-4 से बाजी मारी। भारत इससे पहले 1993, 1997, 1999, 2005, 2009, 2011, 2015 और 2021 में चैंपियन बना था। टूर्नामेंट के 14 साल के इतिहास में भारत नौ बार चैंपियन बना है और चार बार वह उप विजेता रहा। सांसों को थामने वाले रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में गुरप्रीत सिंह संधू ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और कुवैत के कप्तान खालिद अल इब्राहिम का आखिरी शॉट रोक दिया।

## जन्मदिन विशेष

# बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने पूरे विश्व में लहराया भारत का परचम



**नईदिल्ली,05 जुलाई 2023।** भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु यानी की 5 मई को अपना जन्मदिन मनाई। बेहद कम उम्र में पीवी सिंधु अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुई। बहुत कम उम्र में उनको दुनिया की दिग्गज महिला बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में जाना जाने लगा। पीवी सिंधू ने ओलंपिक में पदक जीता है। विश्व पटल पर सिंधु को उस समय पहचान मिली, जब साल 2012 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की तरफ से एक लिस्ट जारी की गई। इस लिस्ट में पीवी सिंधु को 20वां स्थान मिला था। बता दें कि सिंधु ने यह उपलब्धि महज 17 साल की उम्र में हासिल की थी।

### जन्म और शिक्षा

पीवी सिंधु को खेल अपने परिवार से विरासत में मिला है। उनके पिता पीवी रमन्ना और मां पी विजया राष्ट्रीय स्तर तक वॉलीबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं। आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में एक तेलुगू परिवार में 5 जुलाई 1995 को पीवी सिंधु का जन्म हुआ था। इनका पूरा नाम पुसरला वेंकट सिंधु है। पीवी सिंधु ने अपनी शुरूआती शिक्षा औक्सिलियम हाई स्कूल से पूरी की। फिर आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने सेंट एंस कॉलेज फॉर वुमेन, मेह्दीपटनम में एडमिशन लिया। यहां से सिंधु ने एमबीए की पढ़ाई पूरी की है।

### कम उम्र से शुरू किया खेलना

सिंधु ने महज आठ साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। हालांकि उनके पेरेंट्स वॉलीबॉल के खिलाड़ी थे। लेकिन बचपन से ही उनका लगाव हमेशा से बैडमिंटन की ओर था। सिंधू पुलेला गोपीचंद की सफलता से काफी ज्यादा प्रभावित थीं। इसके बाद उन्होंने सिकंदराबाद में इंडियन रेल्वे इंस्टिट्यूट ऑफ़ सिग्नल इंजीनियरिंग एंड टेलीकम्यूनिकेशन में बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेना शुरू कर दिया। इस दौरान वह मेहबूब अली की देखरेख में ट्रेनिंग कर रही थीं। इसके बाद उन्होंने पुलेला गोपीचंद की बैडमिंटन अकादमी में एडमिशन ले लिया।

### मलेशिया ओपन

पीवी सिंधु ने अपने कॅरियर की शुरूआत अखिल भारतीय रैंकिंग चैम्पियनशिप और सब-जूनियर नेशनल से की और जूनियर बैडमिंटन खिताब जीते। इसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय लेवल की खिलाड़ी बन गईं। वहीं साल 2013 में मलेशिया ओपन में स्वर्ण पदक जीतकर पीवी सिंधु ने अपने देश का परचम लहराया। इस जीत के बाद उनको एक युवा खिलाड़ी के रूप में पहचान मिली और वह बैडमिंटन जगत में अपनी पहचान बनाने में सफल रहीं।

### ग्वांगझू वर्ल्ड चैंपियनशिप

इसके बाद साल 2013 में एक बार सिंधु चर्चा में आ गईं। जब उन्होंने चीन के ग्वांगझू में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की तरफ से आयोजित की गई विश्व चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट किया। इस मैच में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस मैच में पीवी सिंधु ने ओलंपिक पदक विजेता वान इहान को करारी हार दी थी। पीवी सिंधु ने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला का खिताब अपने नाम किया।

### डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज

इसके बाद साल 2015 में डेनमार्क ओपन सुपर सीरीज के समय सिंधू अपने जबरदस्त फॉर्म में थीं। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ी वांग इहान को हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली थी। लेकिन फाइनल के मैच में वह जीत नहीं हासिल कर सकीं और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा।

### रियो ओलंपिक

भारतीय बैडमिंटन के इतिहास में नया अध्याय उस दौरान जुड़ा जब पीवी सिंधु ने रियो ओलंपिक में अपना दबदबा कायम करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस असाधारण प्रतिभा ने उन्हें कॅरियर की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया। उस दौरान भारत की तरफ से ओलंपिक में 116 में पीवी सिंधु ने बेहद शानदार प्रदर्शन किया था। इसके साथ ही साल 2017 में पीवी सिंधु ने इंडिया ओपन में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इंडिया ओपन सुपरसीरीज फाइनल में कैरोलिना मारिन हार का स्वाद चखाते हुए न सिर्फ उन्होंने ओलंपिक का बदला चुकाया। बल्कि इस खिताब को भी अपने नाम करने में सफल हुईं। फिर साल 2019 में भी सिंधु ने बेहद शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

### सम्मान

साल 2013 में पीवी सिंधु को अर्जुन अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।
साल 2015 में पीवी सिंधु को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
साल 2020 में पीवी सिंधु को भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से नवाजा गया था।
वहीं उन्हें सर्वोच्च खेल सम्मान राजीव गांधी खेल रत्न अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## टाइगर 3 में द डार्क नाइट के स्टंटमैन रिचर्ड बर्डन शामिल



हॉलीवुड के टॉप स्टंट प्रोफेशनल रिचर्ड बर्डन को सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर 3 के लिए चुना गया है। इसमें सलमान जासूस टाइगर और कैटरीना जोया की भूमिका में हैं।
रिचर्ड ने पहले बैटमैन वर्सेज सुपरमैन- डॉन ऑफ जस्टिस, क्रिस्टोफर नोलन की द डार्क नाइट, मार्टिन स्कॉर्सेस की बैटमैन वर्सेस सुपरमैन, लियोनार्डो डि कैप्रियो अभिनीत किलर्स ऑफ द फ्लावर मून और ब्रैड पिट स्टारर एक्शन एंटरटेनर बुलेट ट्रेन! जैसी हिट हॉलीवुड फिल्मों में काम किया है।
टाइगर 3 में जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस है। यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है और इसमें शाहरुख खान भी होंगे, जो अपने पठान अवतार को दोहराएंगे।
फिल्म में फ्रांज स्पिलहौस (वॉर), परवेज शेख (टाइगर जिंदा है, वॉर) और से-योंग ओह (वॉर) जैसे बेस्ट एक्शन निर्देशक हैं, जो विजुअल स्टनिंग एक्शन सेट-पीस को कोरियोग्राफ कर रहे हैं।
लेटेस्ट बज यह है कि टीम ने टॉप हॉलीवुड एक्शन क्रिस बार्न्स को भी शामिल किया है, जिन्होंने मार्वल की ऐतिहासिक हिट एवेंजर्स- एंडगेम के साथ-साथ द बॉर्न अल्टीमेटम, आई एम लीजेंड, जोकर, डॉक्टर स्ट्रेंज, स्पाइडर-मैन- फार फ्रॉम होम, एवेंजर्स- इन्फिनिटी वॉर समेत अन्य फिल्मों में काम किया है। यह फिल्म इस दिवाली पर रिलीज होने वाली है।

## ग्रीन ट्रांसपेरेंट साड़ी में अपने लुक से मौनी रॉय ने मचाई खलबली,खुली जुल्फों से फैंस की यूं उड़ाई नींदें

37 वर्षीय एक्ट्रेस मौनी रॉय अपने लेटेस्ट लुक को लेकर इन दिनों सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में मौनी रॉय ने अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसमें वह ग्रीन ट्रांसपेरेंट साड़ी में नजर आ रही है। साड़ी लुक में हॉट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस मौनी रॉय ने खलबली मचा दी है। हालिया तस्वीरों में मौनी रॉय ने अपनी खुली जुल्फों से फैंस की नींदें तक उड़ा दी है और उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रहा है। 37 वर्षीय एक्ट्रेस मौनी रॉय एक्टिंग के साथ-साथ अपने स्टाइलिश लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी की दुनिया से लेकर बॉलीवुड तक मौनी रॉय ने अपने हॉट एंड ब्यूटीफुल लुक से एक बार फिर खलबली मचा दी है। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत लुक के साथ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्में देखकर फैंस के होश तक उड़ गए। इन तस्वीरों में फैंस को मौनी रॉय का अंदाज बेहद पसंद आ रहा है और वो उनके लुक की जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं। मौनी रॉय ने जो लेटेस्ट फोटोशूट कराया है उसमें वो ग्रीन एम्ब्रॉयडी वर्क की ट्रांसपेरेंट साड़ी में बला की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं। ग्रीन साड़ी मे अप्सरा सी खूबसूरत लग रही मौनी रॉय कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आईं। एक्ट्रेस इन तस्वीरों में आंखें बंद करके अपनी जुल्फें संवार रही हैं, मौनी की इस ब्यूटी को देखकर फैंस अपना दिल हार बैठे। कजरारी आंखें...साड़ी का लहराता पल्लू के साथ सिंपल लुक्स में मौनी रॉय ने कुछ यूं लूटी ली महफिल। मौनी रॉय ने स्लीवलेस ब्लाउज, खुली जुल्फों और मिनिमल मेकअप में बेहद ह किलर लुक दे रही हैं। मौनी रॉय ग्रीम शिमरी साड़ी में इतनी हसीन लग रही हैं, उनकी तस्वीरों को देखकर आप भी अपना दिल हार जाएंगे।



## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर जारी



पिछले काफी समय से फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी चर्चा में है। फिल्म से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। अब तक इसके कई पोस्टर जारी हो चुके हैं, जिन पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया है। दर्शकों को फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने की जानकारी फिल्म के निर्माता करण जौहर से लेकर इसके कलाकारों तक ने सोशल मीडिया पर दी है। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट दिल जीतने को तैयार हैं। उनके रोमांटिक सीन देख ऐसा लगता है मानों वे असल में एक-दूसरे के प्यार में हों। दोनों शादी करना चाहते हैं, लेकिन उनका परिवार उनके रिश्ते में विलेन बना हुआ है। अब इस प्रेम कहानी का क्या अंत होगा, यह तो फिल्म की रिलीज के बाद ही पता चलेगा। खैर, जो भी हो, रॉकी बने रणवीर और रानी बनीं आलिया का अंदाज कुछ ऐसा है, जिससे नजरें नहीं हटती। इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है।

## वरुण धवन की फिल्म बवाल का नया पोस्टर जारी




वरुण धवन की बवाल साल 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार जाह्नवी कपूर के साथ बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब निर्माताओं ने बवाल का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें वरुण और जाह्नवी बेहद रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसके साथ टीजर की रिलीज तारीख भी सामने आ चुकी है। बवाल का टीजर बुधवार (5 जुलाई) को रिलीज किया जाएगा।
वरुण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर बवाल का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, तुम प्यार करने देते तो तुम्हें कितना प्यार करते। यह फिल्म 21 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इसका निर्देशन नितेश तिवारी द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। गौरतलब है कि बवाल एफिल टावर पर दिखाई जाने वाली पहली भारतीय फिल्म बनने वाली है।
मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बवाल का प्रीमियर ईफल टावर पर किया जाएगा, जो ऐसा करने वाली पहली इंडियन फिल्म होगी। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियावाला ने किया है।
बवाल के अलावा जाह्नवी कपूर और वरुण धवन के पास कई और फिल्में भी लाइन में हैं। जाह्नवी जहां देवरा से साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। इसके साथ ही वह मिस्टर एंड मिसेज माही और बड़े मियां छोटे मियां में भी दिखाई देंगी।
वहीं, वरुण धवन के पास सिटाडेल की हिंदी रीमेक सिटाडेल इंडिया है। इस सीरीज में वह साउथ की सुपरस्टार सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आएंगे।

# रेलवे ने यात्रियों को दिया बड़ा झटका

## प्रदेश के कुछ स्टेशनों के जनरल टिकट के काउण्टरों को निजी हाथों में सौंपा




**रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** रेलवे निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। रेलवे के हाथ से अब जनरल टिकट काउंटर निकल रहे हैं। रायपुर रेल डिवीजन के दो मुख्य स्टेशन तिल्दा और भिलाई-3 के टिकट काउंटर निजी हाथों में सौंप दिए गए। इसके साथ ही उन काउंटरों पर अब रेलवे के बाबुओं की ड्यूटी लगनी बंद हो गई है। बता दें कि ये दोनों ऐसे स्टेशन हैं, जहां से होकर हर दिन 120 ट्रेनों की आवाजाही होती है।

रेलवे सूत्रों के अनुसार धीरे-धीरे रेलवे के हाथ से टिकट काउंटर निकलते जाएंगे। अब रेलवे कर्मचारी लगातार सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उन पदों पर नई भर्तियां नहीं हो रही हैं। ऐसे में कर्मचारियों की कमी बताकर निजीकरण का रास्ता साफ हो रहा है। माना जा रहा है कि अभी भिलाई और तिल्दा स्टेशन के जनरल टिकट काउंटरों का निजीकरण हुआ है। तर्क ये दिया जा रहा है कि यहां टिकट बिक्री कम थी।

### सरस्वती स्टेशन में एजेंट,रायपुर में लंबी कतारें

रायपुर स्टेशन से होकर जितनी ट्रेनें आती और जाती हैं, उतनी ही ट्रेनें इन दोनों स्टेशनों से भी चलती हैं। निम्न और मध्यम वर्ग के अधिकांश यात्री सबसे अधिक लोकल से लेकर एक्सप्रेस, मेल ट्रेनों का जनरल टिकट लेकर ही सफर करते हैं।

### इन शर्तों पर ठेका देने का बना प्लान

रेलवे टिकट काउंटरों को ठेके पर देने का पूरा खाका तैयार है। 1 रुपए से 20 हजार तक टिकट बिक्री पर 25 प्रतिशत, 2001 रुपए से 1 लाख रुपए तक ब्रिकी पर 15 प्रतिशत कमीशन देने की शर्तें तय की गई हैं। इसी आधार पर स्टेशन के जनरल टिकट काउंटरों को ठेके पर देने की शुरुआत हुई है। जबकि 1 लाख से अधिक टिकट बिक्री पर 4 प्रतिशत कमीशन निर्धारित है। ऐसी शर्तें रेलवे बोर्ड की हैं, उस पर रेल डिवीजनों को अमल करना है। रेलवे की शर्तों पर तिल्दा और भिलाई स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर निजी हाथों में दिए गए हैं। इन दोनों जगहों के टिकट बाबुओं का उपयोग दूसरी जगह हो रहा है। सरस्वतीनगर, डब्ल्यूआरएस जैसे हॉल्ट स्टेशनों में एजेंट रखे गए हैं।

> रेलवे के हर सेक्शन में कर्मचारियों की कमी है। उस हिसाब से भर्तियां नहीं हो रही है। स्टॉफ की कमी का बहाना बनाकर धीरे-धीरे निजीकरण की ओर रेलवे बढ़ रहा है। इसे लेकर रेलवे मजदूर कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है।
>
> **डॉ. विपिन वैष्णव,**
> सीनियर डीसीएम रायपुर

# गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्रियों ने 18 करोड़ 47 लाख रूपए की राशि वितरित की

**» गांवों में आज से 17 जुलाई तक 'रोका-छेका',सीएम ने की ये अपील**

**रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों, किसानों, सरपंचों, ग्राम पटेलों, गौठान समितियों और अधिकारियों से गांव में 6 जुलाई से 17 जुलाई तक 'रोका-छेका' करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन के साथ गांवों में बोनी और रोपा का काम भी शुरू हो गया है। ऐसे में फसलों की रखवाली भी जरूरी है। अब 'रोका-छेका' का समय आ गया है। 'रोका-छेका' से आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने 'रोका-छेका' के लिए गांवों में मुनादी कराने तथा गौठानों में पशुओं के लिए चारे-पानी की व्यवस्था कराने का आग्रह किया।




मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 18 करोड़ 47 लाख रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण किया। इस राशि में 15 जून से 30 जून तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए 2.52 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 5.05 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 7.79 करोड़ रूपए और महिला समूहों को 5.53 करोड़ रूपए की लाभांश राशि वितरित की गई।

# कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी का मामला आया सामने

**» खाद्य विभाग ने लाखों का धान किया जब्त**

**रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** बिलासपुर में कस्टम मिलिंग के चावल को तय समय में जमा नहीं करने पर खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। राइस मिल में गड़बड़ी पाए जाने के बाद विभाग ने 85 लाख रुपए कीमती 3 हजार 400 क्विंटल धान को जब्त किया है। दरअसल, कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं होने पर कलेक्टर ने राइस मिलर्स के खिलाफसख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है, जिसके बाद विभाग ने यह पहली कार्रवाई की है। बीते दिनों कलेक्टर सौरभ कुमार ने खाद्य विभाग के अफसरों की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग के चावल की जानकारी ली थी। इस दौरान अफसरों ने बताया कि जिले के ज्यादातर राइस मिलर्स समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की अफरातफरी कर रहे हैं और कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं कर रहे हैं। इस पर उन्होंने अफसरों को राइस मिल की जांच कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए थे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर आने के समय में हुआ बदलाव

**छग को 7500 करोड़ की देंगे सौगात**

**रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को अब सुबह 9:40 बजे की जगह 10:45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री हेलिकॉप्टर के जरिए साइंस कॉलेज के ग्राउंड में पहुंचेंगे। जहां 7500 करोड़ की सौगात देकर जनसभा को संबोधित करेंगे।

नरेंद्र मोदी करीब 2 घंटे रायपुर में रहेंगे 12:40 के आसपास रायपुर से यूपी के गोरखपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। मोदी जनता से जुड़े हाईवे, रेलवे और स्वास्थ्य से जुड़े प्रोजेक्ट लॉन्च करेंगे, और फिर जनसभा को संबोधित करेंगे। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के मुताबिक इस सभा को विजय संकल्प जनसभा नाम दिया गया है।

**2 दिन में 4 राज्यों का दौरा करेंगे पीएम मोदी**




7 से 8 जुलाई को नरेंद्र मोदी चार राज्यों में 5 शहरों का दौरा करेंगे। जिनमें, रायपुर (छत्तीसगढ़), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), वाराणसी (उत्तर प्रदेश), वारंगल (तेलंगाना), बीकानेर (राजस्थान) में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सभी जगहों में मिलाकर कुल 50 हजार करोड़ रुपए की करीब 50 परियोजनाओं की सौगात देंगे।

उत्तर प्रदेश को छोड़कर बाकी तीन राज्यों में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए पीएम मोदी का यह प्रस्तावित दौरा बीजेपी के लिए काफी अहमियत रखता है। 7 जुलाई को नरेंद्र मोदी सबसे पहले दिल्ली से रायपुर जाएंगे। जहां वह कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

### छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी क्या-क्या करेंगे

रायपुर में करीब 7500 करोड़ रुपए की अलग-अलग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

छत्तीसगढ़ में पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

रायपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

जबलपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे।

रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर के 6 लेन की आधारशिला भी रखेंगे।

### राजधानी में बीजेपी नेता बांट रहे हैं निमंत्रण कार्ड

रायपुर में भारतीय जनता पार्टी पूरी ताकत लगा चुकी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को हिट करने में। दिग्गज नेता जुटे हुए हैं। पूर्व मंत्री राजेश मूणत रायपुर शहर के बाजारों गलियों में निमंत्रण कार्ड लेकर घूम रहे हैं। भाजपा में हाल ही में शामिल हुए पार्षद अमर बंसल ने हजारों पैकेट तैयार किए हैं। यह पैकेट पीले चावल के हैं, जो निमंत्रण कार्ड के साथ लोगों के घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं।




# फोन के साथ अब एप्प से भी ले सकेंगे मितान योजना का लाभ

**रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा किए। इस दौरान सीएम भूपेश बघेल ने मितान योजना की तारीफ करते हुए कहा कि मेरे पोते का भी आधार ऐसे ही मितान के माध्यम से बना है।

मितान योजना के अंतर्गत 1 लाख 03 हजार 315 डॉक्यूमेंट बनाए गए है। जिसमें कि सबसे ज्यादा बच्चों के आधार कार्ड ही बनवाए गए हैं। इसके अलावा जाति और आय प्रमाणपत्र भी हाल के महीने में बनाए गए हैं। नगरीय निकायों में मितान योजना आरम्भ होने के बाद 3 दिनों में 2 हजार कॉल आये हैं। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने अब जल्द ही एप्प बनाने की तैयारी में है। ताकि एप्प के माध्यम से भी मितान की सेवा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने इस बैठक में स्लम स्वास्थ्य योजना की विशेष रूप से समीक्षा की। प्रदेश में धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना के माध्यम से 132 करोड़ रुपये की बचत हितग्राहियों को हुई है। अब मेडिकल स्टोर के लोकेशन को बेहतर किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ मिले।

# राशन कार्ड धारियों के लिए जरूरी खबर

**» इस दिन तक करवा लें सभी सदस्यों का ई-केवाईसी**

**रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** केंद्र सरकार के निर्देश पर ''वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना'' के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी की कार्रवाई अब 31 जुलाई तक किया जाएगा। 'वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना' के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। राशनकार्ड में हितग्राहियों के आधार की जानकारी गलत दर्ज होने और आधार की जानकारी प्रमाणीकृत नहीं होने के कारण खाद्यान्न वितरण में समस्या बनी रहती है। विभागीय डेटाबेस में जिन हितग्राहियों का आधार दर्ज है। उनके आधार की जानकारी का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में संचालित शासकीय उचित मूल्य के दुकानों को प्रदान किए गए ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्णतः निःशुल्क है। ई-केवाईसी की कार्रवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया और राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने-अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचेंगे। इसके बाद ही विक्रेता की ओर से ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी की कार्रवाई पूर्ण किया जाएगा।




# असामाजिक तत्वों ने की दंगा भड़काने की कोशिश

**» मंदिर और मस्जिद में की तोड़फोड़, लोगों में नाराजगी,**

**» पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च**

**रायपुर/दुर्ग,05 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में असामाजिक तत्वों ने मंदिर में तोड़फोड़ कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और दो समुदायों में दंगा भड़काने की कोशिश की है। असामाजिक तत्वों ने मंदिर में तोड़फोड़ करके वहां का झंडा उखाड़कर फेंक दिया। इससे नाराज दूसरे पक्ष के लोगों ने मस्जिद में पथराव कर दिया। घटना के बाद छावनी क्षेत्र का माहौल तनाव पूर्ण बना हुआ है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला है। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि, छावनी क्षेत्र के कैंप 2 एरिया में दो दिन पहले चोरी की एक घटना हुई थी। चोरी की शिकायत कराने पहुंचे लोगों ने कैंप दो में रहने वाले गोकुल मोची, बंटी मोची, शाहिल और फयूम के खिलाफ शिकायत की थी। इस पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए थाने लाई। यह बात चोर ग्रूप के सदस्यों को इतनी नागवार गुजरी की उन्होंने मंगलवार देर रात शिकायत करने वाले के घर जाकर तोड़फोड़ कर दी। उन लोगों ने गाड़ी और घर के सामान को तोड़ डाला। इसके बाद वो लोग वहां से जाते हुए मंदिर में तोड़फोड़ करने लगे। वहां की रेलिंग को तोड़ दिया और और झंडा उखाड़ कर फेंक दिया। साथ ही मस्जिद में भी पथराव कर दिया। इस बात को लेकर लोगों में आक्रोश पनप गया और उन लोगों ने देर रात छावनी थाने का घेराव कर दिया।




### चार गिरफ्तार

छावनी थाना प्रभारी मोनिका पाण्डेय ने बताया कि पुलिस ने फयूम खान, शाहिल खान, बंटी मोची और गोकुल मोची को गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई की जा रही है। मोनिका पाण्डेय ने कहा कि यह बहुत संगीन अपराध है। किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा, जो भी इसमें शामिल होगा पुलिस सबके खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### हर चौक-चौराहों में जवान तैनात

वहीं, छावनी क्षेत्र में किसी भी तरह से हिंदू मुस्लिम दंगा की स्थिति निर्मित न हो इसको लेकर एसपी शलभ सिन्हा ने रात में ही पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया था। इसके बाद बुधवार सुबह 10 बजे 250 पुलिस बल के साथ एएसपी संजय ध्रुव, डीएसपी प्रभात कुमार, शिल्पा साहू, टीआई मोनिका पाण्डेय और अन्य अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकाला। यह फ्लैग मार्च संत रविदास नगर से शुरू होकर पावर हाउस कैंप 2 होते हुए पूरे क्षेत्र में घूमा। सभी जगह चौक चौराहों में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

# मनीष पंडा हत्याकांड का खुलासा : पूर्व प्रेमी के साथ मिलकर की थी युवती ने हत्या

**रायगढ़/रायपुर,05 जुलाई 2023 (ए)।** जूटमिल थाना अंतर्गत अमलीभौना क्षेत्र में हुए मनीष पंडा हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मनीष पंडा की प्रेमिका ने अपने पूर्व प्रेमी के साथ मिलकर मनीष की हत्या की थी।

मनीष पंडा हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि 30 जून की रात शिवम मोटर्स में काम करने वाले अकाउंटेट मनीष पंडा के मोबाइल अचानक बंद होने और घर वापस ना आने पर उसके परिजनों द्वारा जूटमिल थाना आकर गुम इंसान दर्ज कराया गया जिसके बाद पतासाजी के दौरान 01 जुलाई के शाम थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत नेश्नल हाईवे 49 पर अमलीभौना रोड किनारे गढ़उमरिया के रहने वाले मनीष कुमार पंडा पिता भरत भूषण पंडा उम्र 35 वर्ष का शव मिला था । मामले की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ, थाना जूटमिल पुलिस, साइबर सेल, एफएसएल की टीम, डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे । प्रथम दृष्टया घटनास्थल एक्सीडेंटल स्पॉट जैसा दिखाने का प्रयास किया गया था परन्तु पंचनामा कार्यवाही के दौरान घटनास्थल और शव का बारीकी से निरीक्षण करने पर मामला हत्यात्मक प्रवृत्ति के होना का संदेह शुरू से ही पुलिस एवं परिजनों को हो गया था, जिसकी पुष्टि एफएसएल अधिकारी की राय और पोस्ट मार्टम रिपोर्ट से भी हुई । जूटमिल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर गठित टीम ने साक्ष्य जुटाने हेतु तथा एक टीम टेक्निकल एनालिसिस हेतु लगाई गई । शुरूवाती पूछताछ में मृतक के वारिसान बताये कि 30 जून के सुबह प्रतिदिन की तरह मनीष अपने बजाज पल्सर मोटर साइकिल से ड्यूटी गया था, दोपहर घर खाना खाने आया और फिर ड्यूटी चला गया रात को मनीष ने मां पत्नी बच्चों से वीडियो कॉल कर जल्दी घर आने की बात कही थी और अचानक उसका मोबाइल स्विच ऑफहो गया घरवाले उसके ऑफिस जाकर पता किए तो गार्ड बताया कि मनीष काफी पहले चला गया था । जांच टीम मनीष के कार्यस्थल तथा उसे जान परिचित प्रत्येक व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही थी । इसी बीच जांच टीम को कबीर चौक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहने वाली सरिता पटेल से मनीष पंडा के संबंध होने की जानकारी मिली । सरिता पटेल मनीष पंडा के साथ पूर्व में काम करती थी । सरिता पटेल ने प्रारंभिक पूछताछ में 30 जून को मनीष पंडा से मिलने की बात से साफइंकार किया परन्तु जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को दिखाकर हिकमत अमली से उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि पहले उसने मनीष को सोशल मीडिया पर कॉल करके अपने घर के पास कबीर चौंक जाकर मिलना और आगे के घटनाक्रम के वृतांत के संबंध में पुलिस को सम्पूर्ण जानकारी दी।




आरोपिया के बताये अनुसार शिवम मोटर्स के उसके पुराने सहकर्मी मनीष पंडा के साथ मित्रता पूर्व से थी जिसकी जानकारी मनीष की पत्नी को होने पर पूर्व में विवाद भी हुआ था । काम के दौरान जब उसकी मनीष से नजदीकियां बढाने लगी मनीष उस पर पत्नी की तरह हक जताने लगा जिससे मनीष से दूरी बनाने लगी । मनीष को रास्ते से हटाने के लिये अपने पुराने फ्रेंड महेंद्र पटेल निवासी हरदी झरिया से संपर्क की और पूरी बात बताई । महेंद्र और सरिता ने मनीष पंडा को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाये । योजना के मुताबिक 30 जून की रात सरिता सोशल मीडिया अकाउंट से कॉल कर मनीष को घर के पास बुलाई और उसके साथ बाइक में बैठकर ट्रांसपोर्ट नगर नेशनल हाईवे 49 की ओर जाने लगी, प्लान के मुताबिक रास्ते में महेंद्र पटेल अपनी कार में मिला, रास्ते में मनीष पंडा मोटरसाइकिल को खड़ी कर उनके साथ कार में बैठा और तीनों कार में बैठकर मुख्य सड़क से उतर कर जिंदल सीमेंट प्लांट के पीछे कच्ची सड़क की ओर जाकर एक स्थान पर रूक गये । जहां सरिता और मनीष के बीच कहासुनी हुई विवाद बढने लगा फिर दोनों के मध्य हाथापाई के बीच सरिता और महेंद्र पटेल ने मिलकर कार में रखे जैक पाना, राड से मनीष पंडा के सर पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दिए । उसके बाद गाड़ी में शव को रखकर मोटरसाइकिल के पास लाकर छोड़ दिए घटना के बाद फरार आरोपी महेंद्र पटेल को पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)